दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 06 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 206 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## अयोध्या में पीएम मोदी ने किए रामलला के दर्शन
## रोड शो में उमड़ा पड़ा भाजपा समर्थकों का हुजूम





**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या पहुंचे. इस साल जनवरी में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद ढट मोदी ने आज पहली बार अयोध्या का दौरा किया. ढट ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए. इसके बाद उन्होंने 2 किलोमीटर लंबा रोडशो किया. रोडशो







देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उपस्थित रही. पीएम मोदी ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो किया. उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे. रोडशो के दौरान ढट मोदी के हैंडल से ट्वीट किया गया. जिसमें कहा गया कि अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है. रोड शो में आशीर्वाद देने आई जनता-जनार्दन का अभिनंदन !

## चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा
# मोदी रहे न रहे देश हमेशा रहेगा
### इटावा में चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सपा-कांग्रेस पर सिर्फ अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 'शाही परिवार' का वारिस ही प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बनेगा, यह कुप्रथा 'चाय वाले' ने तोड़ दी है।

प्रधानमंत्री ने सपा के गढ़ माने जाने वाले इटावा लोकसभा सीट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी भारत के लिए आने वाले पांच साल ही नहीं, बल्कि 25 सालों का रास्ता बना रहा है। मोदी यह सब क्यों कर रहा है, क्योंकि मोदी रहे न रहे देश हमेशा रहेगा।




उन्होंने कहा कि यह सपा-कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं? यह अपने भविष्य के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन परिवारवादियों की विरासत क्या है...गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख। कोई मैनपुरी, कन्नौज और इटावा को अपनी जागीर मानता है तो कोई अमेठी और रायबरेली को अपनी जागीर मानता है, लेकिन मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, देश की करोड़ों माताओं-बहनों को मिला शौचालय है और दलितों-पिछड़ों को मिली बिजली, गैस और नल (से पानी) जैसी सुविधा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की बनाई गई विरासत सबके लिए है। हम चाहते हैं कि 2047 में आपका ही बेटा-बेटी प्रधानमंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। शाही परिवार का वारिस ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनेगा यह कुप्रथा इस चाय वाले ने तोड़ दी है।

## अधिक एनेस्थीसिया देने से गई थी योगेंद्र की जान
## हत्यारोपी विकास पर दिल्ली में है रेप का भी मुकदमा दर्ज

### भट्टा कारोबारी के बेटे की हत्या का मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम पुलिस ने डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में भट्टा कारोबारी देवेंद्र के पुत्र योगेंद्र की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले राज भी खुले हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योगेंद्र की हत्या में जिस सर्विस सेंटर के किराएदार विकास को गिरफ्तार किया गया है, उसके ऊपर दिल्ली में रेप का मुकदमा भी दर्ज था। जबकि इसका एक भाई अमन अभी फरार बताया जा रहा है। इस मामले में विकास की सहअभियुक्त के रूप में मदद करने वाले मनीष और रोहित को भी पुलिस में दबोचा है।

वहीं विकास को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा था। एसीपी नंदग्राम रवि सिंह का कहना है कि इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और मैनुअली पूछताछ के आधार पर महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने मृतक योगेंद्र का शव मेरठ से बरामद करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस की शुरुआती जांच बता रही है कि योगेंद्र की मौत का मुख्य कारण रोहित जो पूर्व में एक अस्पताल में वॉर्ड ब्वॉय था, उसके द्वारा अधिक एनेस्थीसिया देना बताया जा रहा है।



#### डीसीपी और एसीपी की टीम ने फिर खोला सनसनीखेज केस

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में एसीपी नंदग्राम रवि सिंह और नंदग्राम थाने की क्राइम टीम ने एक मई से लापता योगेंद्र की हत्याकांड के मामले में महत्वपूर्ण सुराग जुटाने और सीसीटीवी से लेकर मैन्युअली सबूत जुटाने में काफी मशक्कत की थी। जिसकी वजह से यह सनसनीखेज हत्याकांड खुल पाया है।

#### राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में गार्ड है सहअभियुक्त रोहित

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीष ने पुलिस को बताया है कि उसका भाई रोहित भी इस हत्याकांड में शामिल था। रोहित राज नगर एक्सटेंशन की एक सोसायटी में ही सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। पुलिस के लिए यह हैरानी की बात है कि जो आरोपी हत्या जैसे गंभीर मामले में सह अभियुक्त है, वह हजारों लोगों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहा था। पुलिस के लिए सुरक्षा गार्डों का वैरीफिकेशन कराना अभी भी बड़ी टेंशन बना हुआ है।

**रोहित सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। हैरानी की बात यह है कि जो आरोपी हत्या जैसे गंभीर मामले में सह अभियुक्त है, वह हजारों लोगों की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहा था।**

## मतदान के बाद से गाजियाबाद में सिमट गये चुनावी दफ्तरों के तंबू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान गाजियाबाद में 26 अप्रैल को हो चुका है। अब 4 जून तक चुनावी कयास ही लगाये जा रहे हैं। पहले ये होता था कि मतदान में समय कम होता था तो चुनावी तंबू नहीं उखड़ते थे। लेकिन इस बार एक महीने से भी ज्यादा का इंतजार करना है। लिहाजा चुनाव लड़ने वाले रणयोद्धाओं ने अपने चुनावी डेरे उखाड़ लिये हैं।

नीला खेमा तो मतदान के अगले दिन ही सिमट गया था और फूल वालों के यहां भी अब तंबू उखड़ चुके हैं। हाथ वालों का भी डेरा सिमट गया है। ऐसे में अब चुनावी आंकलन आपस में हो रहा है। एक दूसरे के दफ्तरों में हो रहा है। चुनाव लड़ने वाले भी अब दूसरी लोकसभाओं में चुनाव लड़वा रहे हैं। अतुल गर्ग गाजियाबाद से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े और अब वो पार्टी के आदेश पर चंडीगढ़ में भाजपा उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव लड़वा रहे हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा

#### यहां के चुनावी योद्धा संभाल रहे हैं दूसरे जिलों में जाकर चुनाव प्रचार की कमान




गाजियाबाद में भाजपा को चुनाव लड़वाने के बाद अब संगठन के आदेश पर बनारस में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बसपा के उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर गाजियाबाद में मतदान के बाद अपने गृह जनपद चले गये थे और बसपा उनसे कहीं चुनाव प्रचार करवा रही है या नहीं इसका बसपा के स्टार प्रचारकों को भी नहीं पता है। कांग्रेस की डॉली शर्मा भी अब कांग्रेस के लिए दूसरे जनपदों में प्रचार संभाल रहीं हैं। गाजियाबाद में फिलहाल चुनावी दफ्तर वाले डेरे उखड़ चुके हैं और यहां के चुनावी योद्धा अब दूसरे जिलों में जाकर दूसरे योद्धाओं के चुनावी रण में प्रचार वाली तलवार उठा रहे हैं।

समर्थक अब बैठकर आंकलन लगा रहे हैं। गाजियाबाद के चुनावी योद्धाओं के दर्शन अब जून के महीने में ही होंगे। क्योंकि सभी अपने अपने दलों के दूसरे उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में बिजी होंगे।

## पिंक बूथ प्रभारियों की मीटिंग में प्रेजेंटेशन को लेकर कइयों को लगी फटकार
### रविवार को कैंसिल की गई देहात जोन की मीटिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में महिला अपराध नियंत्रण और महिलाओं को उचित न्याय दिलाने के लिए शुरू किए गए पिंक बूथ प्रभारियों की मीटिंग शनिवार को पुलिस लाइन में हुई। इस बैठक में सिटी जोन के अंतगर्त आने वाले पिंक बूथ की प्रभारियों को बुलाया गया था। पिंक बूथ को लेकर हुई बैठक में खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, पिंक बूथ की प्रभारी पूनम मिश्रा और अन्य प्रभारियों को शामिल किया गया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नर के सामने हुई मीटिंग और प्रेजेंटेशन के दौरान कई पिंक बूथ प्रभारियों को फटकार लगी है। जानकारी मिली है कि सिटी में एक पिंक बूथ की प्रभारी अपना परिचय और ठीक प्रकार से जानकारी नहीं दे पाई। तो एक पिंक बूथ प्रभारी की प्रेजेंटेशन फाइल में कार्य से ज्यादा खुद की फोटो मिलने पर अधिकारी नाराज हो गए।

जानकारी यह है कि रविवार को ग्रामीण जोन के पिंक बूथ प्रभारियों की बैठक होनी थी, जिसे शनिवार को हुए गर्म मामले के बाद रविवार को निरस्त कर दिया गया।

#### प्रेजेंटेशन में तो कोई इंट्रोडक्शन में हुआ फेल

करंट क्राइम : पिंक बूथ की व्यवस्था को और मजबूत बनाने और यहां के प्रभारियों की वर्किंग को सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर और एडिशनल सीपी नेतृत्व में हो रही बैठक में पिंक बूथ प्रभारी प्रेजेंटेशन देने में फेल हो गई। तो एक प्रभारी अपना इंट्रोडक्शन तक नहीं दे पाई। जानकारी मिली है कि एक प्रभारी ने अपनी फाइल में काम से ज्यादा अपनी फोटो लगा रखी थी इसको लेकर भी अधिकारियों ने नाराजगी जताई है। वहीं कई पिंक बूथ खतरे में आ गए हैं।




## यही तो है राजनाथ सिंह और उनके परिवार की गाजियाबाद में रिश्तों की कमाई
### चुनाव लखनऊ में होगा और प्रचार में दिखाई देंगे गाजियाबाद के भाजपाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में विरासत भी होती है और सियासत में रिश्ते भी होते हैं। सियासत में अपना कैसे बनाया जाता है और अपनेपन की कमाई क्या होती है ये कोई राजनाथ सिंह और उनके परिवार से सीखे। राजनाथ सिंह गाजियाबाद से तब लोकसभा सांसद रहे हैं जब वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। राजनीति का एक बड़ा चेहरा और संगठन का सबसे बड़ा पद। लेकिन गाजियाबाद में जब वो लोकसभा सांसद रहे तो यहां उन्होंने अपने व्यवहार से सभी को अपना कायल किया। केवल राजनाथ सिंह ही नहीं यहां उनके पुत्र पंकज सिंह और नीरज सिंह ने भी अपने व्यवहार से एक मधुर रिश्तों का पूरा संसार कायम किया। यही वजह है कि आज भी गाजियाबाद की भाजपा में राजनाथ सिंह को उनकी अनुपस्थिति में माननीय जी कहकर सम्बोधित किया जाता है।




नीरज सिंह का मोबाईल नंबर गाजियाबाद के कितने ही युवा भाजपाईयों के फोन में नीरज भैया के नाम से सेव है। पंकज सिंह नोएडा से विधायक हैं लेकिन उनके गाजियाबाद के भाजपाईयों से भी मधुर संबंध हैं। ये राजनीति में वो कमाई है जो इस परिवार ने अपने व्यवहार से कमाई है। एक बार सांसद रहें है और जीवन भर के रिश्ते दल वाले नहीं बल्कि दिल वाले बनाये हैं। इसकी सबसे बड़ी बानगी ये है कि चुनाव लखनऊ में हो रहा है और गाजियाबाद के भाजपाई लखनऊ पहुंच रहे हैं। गर्मी के मौसम में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इन रिश्तों में कोई राजनीतिक स्वार्थ नहीं छुपा है। ये केवल व्यवहार के बदले व्यवहार है और राजनीति के लोगों के लिए ये सीखने की बात है कि राजनीति में केवल चाले ही नहीं चली जाती है राजनीति में दिल भी जीते जाते हैं। ये वो कमाई है जो इस परिवार ने गाजियाबाद में अपने व्यवहार से कमाई है। उनकी एक आवाज पर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक गाजियाबाद की भाजपा दस्तक देती है।

#### नीरज सिंह के समर्थकों ने डाल लिया लखनऊ में डेरा

करंट क्राइम। नीरज सिंह गाजियाबाद के भाजपाईयों में यूथ आईकॉन के नाम से प्रसिद्ध हैं। नीरज सिंह की सबसे बड़ी खूबी उनके कार्यकर्ता वाली शैली है। वो हमेशा भाजपा के हर आयाम में भाजपा के हर काम में खुद को एक कार्यकर्ता के रूप में सबसे आगे रखते हैं। अपने लोगों को वो एहसास कराते हैं कि वो उनके लिए खास हैं और खुशी से लेकर गम की हर घड़ी में उनके साथ है। फिर नीरज सिंह के समर्थक भी इस बात को फील कराते हैं कि एक आवाज दो हम साथ दिखाई देंगे। नीरज सिंह के समर्थकों ने लखनऊ में डेरा डाल लिया है। चुनाव प्रचार हो रहा है। चुनाव तो आस पड़ोस के जिलों में भी नेता लड़े हैं लेकिन गाजियाबाद के कितने भाजपाई वहां खड़े हैं।



जीडीए उपाध्यक्ष, सचिव समेत अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया श्रमदान

# जीडीए उपाध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में मधुबन बापूधाम योजना में चला स्वेच्छिक सफाई अभियान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए) के उपाध्यक्ष महोदय अतुल वत्स की पहल पर रविवार की सुबह जीडीए की महत्वाकांक्षी योजना मधुबन बापूधाम में गोल चक्कर के पास श्रमदान स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। दो घंटे से ज्यादा देर तक चले इस अभियान में जीडीए के सभी अनुभागों के अधिकारी, लगभग 500 कर्मचारी व आवंटियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वेच्छिक श्रमदान किया।

खास बात यह रही की जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स,सचिव राजेश कुमार सिंह समेत तमाम अधिकारियों ने कर्मचारियों ने बड़े समन्वय के साथ इस अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर जीडी उपाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का दोहरा उद्देश्य है - संचारी रोग नियंत्रण के क्रम आम जनता, विशेषकर ऐसी योजनाएँ/कॉलोनी जिनका रख-रखाव व अनुरक्षण प्राधिकरण के द्वारा किया जा रहा है, उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है तथा काफी समय से अनदेखी की जा रही मधुबन बापूधाम योजना में जीवामृत भरना। बहुत जल्दी अन्य जीडीए की अन्य कालोनियों में भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें साफ सफाई, डिफॉगिंग आदि का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। बता दें कि कुछ दिन पूर्व आयुक्त मेरठ द्वारा भी बैठक लेकर सफाई के निर्देश दिये गये थे। उपाध्यक्ष अतुल वत्स व अन्य अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय पर मधुबन बापूधाम में पहुंच गए थे और वहां पर व्यवसायिक भूखंडों की सफाई शुरू की। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो घंटे से ज्यादा श्रमदान किया और वहां पर खड़ी झाड़ियों को हटाया। साथ ही सड़क की भी सफाई भी की। इतना ही नहीं वहां जो भी कूड़ा करकट पड़ा था उसको बैग्स में भरकर हटाया गया और इन व्यावसायिक भूखंडों को साफ सुथरा कर दिया। इस दौरान कई आवंटी भी आज इस इलाके में पहुंचे और उन्होंने जीडीए अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी ली। लोगो द्वारा इस प्रयास को सराहा गया और माह में कम से कम एक बार अभियान स्वरूप सफाई का अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने उन्हें विश्वास दिलाया और कहा कि यदि उनका भूखण्ड यहां है तो वह इसकी रजिस्ट्री करा लें, रजिस्ट्री का कार्य शुरू किया जा चुका है, अब एमबीडी जीडीए की प्राथमिकता में है। इस कार्यक्रम में जीडीए उपाध्यक्ष व सचिव के अलावा मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता आलोक रंजन सहायक, अभियंता रूद्रेश कुमार शुक्ला, पीयूष कुमार सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, जीडीए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद सारस्वत समेत अभियंत्रण खंड, नियोजन खंड, लेखाकार खंड, मास्टर प्लान खंड समेत के तमाम अधिकारी में कर्मचारी इस स्वच्छ सफाई अभियान में शामिल हुए।

# गुंडे-माफिया के राज को खत्म करने के लिए बनाया गठबंधनः अमित शाह



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश में आम चुनाव के पहले दो चरणों में नरेंद्र मोदी शतक लगा चुके हैं। अब पीएम मोदी 400 से ज्यादा सीटें हासिल करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अमित शाह का सीएम रेड्डी और वाईएसआरसीपी पर निशाना

धर्मवरम लोकसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने वाईएसआरसीपी और सीएम रेड्डी पर भ्रष्टाचार और रेत एवं जमीन माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

गृह मंत्री ने कहा, जगन मोहन रेड्डी ने विकास की गाड़ी को पटरी से उतार दिया है। विकास शून्य है, निवेश रूका हुआ है और बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, आंध्र प्रदेश पर 13 लाख 50 हजार करोड़ का कर्ज डालने का काम जगन मोहन की सरकार ने किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाएं रुकी हुई हैं लेकिन भूमाफियाओं की इंडस्ट्री धड़ल्ले से चल रही है।

अमित शाह ने बताया कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया के खिलाफ भाजपा, टीडीपी और जनसेना गठबंधन की लड़ाई को ताकत देने के लिए आंध्र प्रदेश में थे। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में गुंडे, अपराधी, भ्रष्टाचार और रेत माफियों के राज को खत्म करने के लिए उन्होंने गठबंधन बनाया है।

गृह मंत्री ने कहा कि जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि न तो राहुल गांधी और न ही इंडी गठबंधन के कोई नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त हैं।

## न्यूज डायरी

### हेमंत करकरे की हत्या कसाब या आतंकियों की गोली से नहीं हुई : विजय वडेट्टीवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और वकील उज्ज्वल निकम को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एटीएस के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या जिस गोली से हुई थी, वह कसाब या आतंकियों की बंदूक से नहीं चलाई गई थी। यह बात एसएम मुश्रीफ की किताब में लिखी गई है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि उज्ज्वल निकम ने कोर्ट के सामने यह बात क्यों नहीं रखी। उन्होंने कहा कि एसएम मुश्रीफ (शमशुद्दीन मुश्रीफ) ने अपनी किताब में लिखा है कि हेमंत करकरे की हत्या जिस गोली से हुई है, वह गोली अतिरेकों (आतंकियों) की नहीं है। उज्जवल निकम भाजपा का काम करते आ रहे हैं।

### गुजरात में लोकसभा चुनाव से पहले अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद



**भावनगर।** गुजरात में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भावनगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ एक स्कॉर्पियो जब्त की है। घोघा रोड स्थित चाइना सोसायटी क्षेत्र से एक काले रंग की स्कॉर्पियो से विदेशी शराब की 101 बोतलें बरामद की गई। इस दौरान किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्कॉर्पियो पर लाल रंग की एक पट्टी बनी हुई है, जिस पर प्रेसिडेंट ऑफ ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया लिखा हुआ है। पुलिस ने बताया कि छापेमारी से पहले ही आरोपी कमलेश बटिया फरार हो गया था। स्कॉर्पियो से बरामद शराब की कीमत 8,53,530 रुपये है।

### वनाग्नि की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसी बुजुर्ग महिला



**पौड़ी।** उत्तराखंड में जंगलों की आग ने अब विकराल रूप धारण कर दिया है। इसी आग की चपेट में आने से 65 वर्षीय महिला बुरी तरह से झुलस गई। आनन फानन में परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने से डाक्टरों ने उसे ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया। जहां देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि परखुंडे (घास के ढेर) को बचाने के चलते महिला आग की चपेट में आ गई। पौड़ी जिला मुख्यालय के जंगलों में बीते दिनों से धधक रही आग अब घरों तक पहुंचने लगी है। बीते शनिवार को पौड़ी तहसील क्षेत्र के बनगढ़स्यूं-2 के थापली गांव के जंगलों में लगी आग खेतों तक पहुंच गई।

राजस्व उप निरीक्षक (आरएसआई) राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को थापली गांव के जंगल में आग लगी थी। इसी बीच आग तेजी से खेतों की ओर होते हुए घर के समीप परखुंडे तक पहुंच गई। आग को परखुंडे की ओर आते देख सावित्री देवी (65) घास को उतारने लगी। तभी तेज हवा चली और घास ने आग पकड़ ली।

### देवेंद्र यादव ने संभाला दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। इस दौरान अजय माकन, पूर्व दिल्ली अध्यक्ष अनिल चौधरी, हारून युसूफ समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद देवेंद्र यादव की नियुक्ति की गई थी। पदभार संभालने के बाद देवेंद्र यादव ने कहा कि आज का दिन उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह मुश्किल समय है और कई कठिनाइयां सामने है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर वह सभी वर्ग के लोगों तक पहुंचेंगे। केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। बीते दिनों दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष के पद से अरविंदर सिंह लवली ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले सप्ताह देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का ऐलान किया था। देवेंद्र यादव दिल्ली विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। वह पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भी हैं।

### राधिका खेड़ा ने छोड़ा कांग्रेस का दामन, प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम एक पत्र में उन्होंने लिखा, आदिकाल से ये स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता रहा है। हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण हैं। वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह विरोध कर रहे हैं। अयोध्या राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और राम लला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है, वहीं, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

# कर्नाटक अश्लील वीडियो कांड तीन और पीड़िता एसआईटी के पास पहुंची



**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जेडी-एस के फरार सांसद और हासन से उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना की विदेश में तलाश तेज कर दी है। इस बीच अश्लील वीडियो कांड की तीन और पीड़ितों ने एसआईटी से संपर्क किया है। सूत्रों ने कहा कि एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद पीड़ितों ने एसआईटी से संपर्क किया है। अधिकारी जल्द ही उनके बयान दर्ज कर सकते हैं। इस संबंध में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है। ऐसी अफवाहें हैं कि अपने पिता जेडी-एस विधायक एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी के बाद प्रज्वल रेवन्ना जल्द ही अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि एसआईटी की एक टीम प्रज्वल रेवन्ना की गतिविधियों के बारे में जुटाई जानकारी के आधार पर पहले ही एक विदेशी स्थान पर पहुंच चुकी है। टीम स्थानीय एजेंसियों और सीबीआई के समन्वय से उसे गिरफ्तार करेगी। ट्रैक किया गया स्थान हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट था। प्रज्वल रेवन्ना अपना स्थान बदल रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रज्वल रेवन्ना रविवार को मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंच सकते हैं। हालांकि, एसआईटी सूत्रों का कहना है कि उनके पास यह भी जानकारी है कि प्रज्वल रेवन्ना लोकसभा चुनाव के बाद ही वापस आएंगे। भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। एसआईटी ने भी कोई जोखिम न लेते हुए देश के सभी एयरपोर्टों पर हाई अलर्ट रखा है। प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकार अपहृत बुजुर्ग महिला के बयान के आधार पर एसआईटी के एक और एफआईआर दर्ज करने की संभावना है। रेस्क्यू की गई महिला से जुड़े कथित वीडियो से पता चलता है कि वह जोर-जोर से रोने और बार-बार ऐसा कृत्य न करने की अपील कर रही है। इसके बाद भी प्रज्वल रेवन्ना ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। वीडियो में दिखाया गया है कि महिला उसके पैर पकड़ने का प्रयास कर रही। उससे कह रही है कि उसने खाना बनाया है और उसके परिवार के सदस्यों को खिलाया है। उसे उसके साथ ऐसा नहीं करना चाहिए। इस वीडियो के सामने आने के बाद से लोगों में आक्रोश है। दूसरी एफआईआर में शादीशुदा पीड़िता (जो जेडी-एस से जुड़ी एक स्थानीय नेता है) ने अपने भयावह अनुभव के बारे में बताया। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में दर्ज कराई गई शिकायत में पीड़िता ने कहा कि उसने शिकायत करने की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि प्रज्वल रेवन्ना ने उसे बलात्कार का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ पहली एफआईआर राज्य महिला आयोग द्वारा शिकायत पर आधारित है।

# देश-दुनिया घूम रहे पीएम मोदी को मणिपुर जाने की फुर्सत नहीं : मुकेश सहनी



**दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी सभा पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह पूरे देश में घूम रहे हैं। लेकिन, अपने बगल में मणिपुर नहीं गए। क्या मणिपुर हमारे देश का हिस्सा नहीं है? उन्होंने कहा कि मणिपुर में जब से घटना हुई है, उसके बाद पीएम मोदी देश-दुनिया घूम लिए हैं। लेकिन, मणिपुर नहीं गए। यह उनका डबल स्टैंडर्ड है। उन्हें जहां जनता का विरोध फेस करना पड़ता है, वहां नहीं जाते। क्या बीते दस सालों में हमारे प्रधानमंत्री ने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दस सालों से प्रधानमंत्री 'मन की बात' कर रहे हैं, लेकिन, आज तक प्रेस कांफ्रेंस नहीं किया। उन्हें पत्रकारों के सवालों का जवाब देना चाहिए। वह 2014 में 32 तथा 2019 में 39 सीट जीतने के बाद, क्या बिहार में एक रोज भी रात्रि विश्राम किए हैं। उन्होंने कभी भी बिहार में फैक्ट्री लगाने, बेरोजगारी दूर करने जैसी समस्या पर बात नहीं की है। वह गुजरात जाते हैं तो वहां पांच-पांच दिन रात्रि विश्राम करते हैं क्योंकि वह उनका अपना प्रदेश है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को पीएम मोदी अपना प्रदेश नहीं मानते, इसलिए, नहीं चाहते कि बिहार की तरक्की हो। अगर बिहार की तरक्की हो गई तो यहां का मजदूर गुजरात नहीं जाएगा। सिर्फ बिहार के लोगों को ईडी-सीबीआई का नोटिस देकर परेशान करना है। सबका अंत होता है, ऐसे में इनका भी अंत होगा। देश की जनता मालिक है और वह सब देख रही है।

# तेलंगाना सरकार रोहित वेमुला के परिवार को न्याय दिलाने में नहीं छोड़ेगी कोई कसर : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** तेलंगाना की साइबराबाद पुलिस ने बीते दिनों छात्र रोहित वेमुला मामले में तेलंगाना हाईकोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट में पता चला है कि रोहित ने असली जाति उजागर होने के डर से आत्महत्या की थी। रोहित वेमुला को यह पता था कि वह दलित नहीं था और असली जाति की पहचान होने के डर से उसने आत्महत्या कर ली। क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करने के लिए वेमुला के मामले का इस्तेमाल किया था। दरअसल, कांग्रेस ने शैक्षणिक संस्थानों में दलितों के खिलाफ भेदभाव का आरोप लगाते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा था। अब, फिर से कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, रोहित वेमुला की मौत एक गंभीर अत्याचार थी, जिसने भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी इस कठिन समय में रोहित वेमुला के परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने आगे लिखा, जैसा कि तेलंगाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित क्लोजर रिपोर्ट जून 2023 में तैयार की गई थी। पूर्व में हुई जांच में कई विसंगतियां थीं। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार रोहित के परिवार को न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# पाकिस्तानी नेता का राहुल की तारीफ करना चिंताजनकः राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के एक नेता द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तारीफ करने पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सवाल ख ड़े किए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन का राहुल गांधी की तारीफ करना बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कांग्रेस से स्पष्टीकरण की मांग की। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को अस्थिर करने वाला देश राहुल गांधी की तारीफ कर रहा है, इस पर कांग्रेस को सफाई पेश करना चाहिए।

**कांग्रेस पर उठाए सवाल**

एक साक्षात्कार में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान से कांग्रेस के संबंध पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, एक ऐसे के इस प्रेम के पीछे कोई वजह जरूर होगी जो भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है। यह बड़ी चिंता का विषय है और भारत इस प्यार के पीछे की वजह जानना चाहता है।

बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने का दावा करके सुर्खियों में आए थे।

उन्होंने राहुल के भाषण के एक अंश को राहुल ऑन फायर कैप्शन के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसपर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया की है। रक्षा मंत्री ने कहा, अगर एक ऐसे देश का पूर्व मंत्री राहुल की तारीफ करता है जो भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है तो यह चिंता की बात है। कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने पड़ोसी देश पर भारतीय चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। राजनाथ सिंह से जब यह पूछा गया कि भारतीय चुनाव को प्रभावित करने में पाकिस्तान कितना कामयाब हुआ; उन्होंने कहा, पाकिस्तान की चुनाव को प्रभावित करने की औकात नहीं है।

**पाकिस्तान पर भड़के राजनाथ सिंह**

पाकिस्तान के मंत्री ने कांग्रेस के उस वादे पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें पार्टी ने कहा था कि अगर वह सत्ता में आई तो संपत्ति के पुनर्वितरण के लिए सर्वेक्षण कराएगी। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिस तरीके से संपत्ति का पुनर्वितरण करना चाहती है, उससे अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि यह तारीफ ऐसे व्यक्ति ने की है जिसने मंत्री पद पर रहते हुए भारत में आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान सरकार का हाथ होने की बात स्वीकार की थी। चौधरी फवाद हुसैन ने राहुल की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करते हुए, दोनों ही नेता को समाजवादी बताया था। पाकिस्तानी नेता की तरफ से तारीफ मिलने पर पीएम मोदी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा था।

# अमेठी-रायबरेली जीतने का कांग्रेस ने बनाया प्लान



**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भले रायबरेली से पर्चा दाखिल किया है, लेकिन पहले की तरह प्रियंका गांधी की सक्रियता बनी रहेगी। वह अमेठी और रायबरेली दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। पार्टी नेताओं का मानना है कि प्रियंका के बिना सियासी वैतरणी पार करना मुश्किल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रत्यक्ष रूप से भले अमेठी व रायबरेली के चुनाव मैदान में नहीं हैं। लेकिन, वह इन दोनों क्षेत्र में निरंतर बनी रहेंगी। यह भी संभव है कि दोनों लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में वह रोड शो करें। इसके जरिए वह सियासी माहौल को गरमाने का प्रयास करेंगी। पहले भी वह रायबरेली में ज्यादा वक्त देती रही हैं। वह 1999 से लगातार इस इलाके में सक्रिय रही हैं। राहुल की अपेक्षा उनके प्रति क्षेत्र के लोगों में ज्यादा सहानुभूति दिखती है। राहुल गांधी के नामांकन में भी इसकी झलक साफ दिखी है।

वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना कहते हैं कि अमेठी हो या रायबरेली दोनों क्षेत्र की जनता को यदि कोई सियासी मोहपाश में बांध सकता है तो वह सिर्फ प्रियंका गांधी हैं। वह किसी एक सीट से चुनाव लड़तीं तो दूसरे क्षेत्र में जाना मुश्किल होगा, लेकिन अब निश्चिंत भाव से दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर सकेंगी। तो विश्वास जताने की हुई कोशिश हाईकोर्ट के अधिवक्ता महेंद्र सिंह कहते हैं कि राहुल गांधी के नामांकन में जिस तरह से प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी पहुंचीं और समर्थकों के बीच उत्साह दिखाया, उससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि यहां से राहुल गांधी सांसद बने तो प्रियंका और सोनिया गांधी का जुड़ाव पहले की तरह बना रहेगा। मालूम हो कि रायबरेली में 1777 में जनता पार्टी से राजनारायण और 1996 व 1998 में भाजपा के अशोक सिंह को छोड़ दें तो अब तक निरंतर कांग्रेस का परचम लहराता रहा है। 2004 से सोनिया गांधी लगातार सांसद हैं। इस बीच प्रियंका गांधी यहां से जुड़ी रहीं हैं।

रायबरेली में भाई राहुल के चुनावी प्रचार की कमान संभालने के साथ ही वह अमेठी में किशोरी लाल शर्मा के लिए चुनावी फिजां तैयार करेंगी। खुद प्रियंका ने छह तारीख को रायबरेली में आकर चुनाव तक रहने का संकेत देकर इस मंशा को जाहिर कर दिया है। अमेठी हो या रायबरेली, दोनों गांधी परिवार की परंपरागत सीटें मानी जाती है।

गांधी परिवार से एक लंबा रिश्ता रहा है। कांग्रेस ने रायबरेली में सोनिया गांधी के बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी को सियासी रण में उतारा है लेकिन, अमेठी से गांधी परिवार ने अपने को दूर कर लिया है। यह बात अलग है कि गांधी परिवार के करीबी व सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा मैदान में है लेकिन, परोक्ष रूप से गांधी परिवार के सदस्य के न होने को लेकर कांग्रेसी समीकरण बैठाने में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता अनुज तिवारी कहते हैं कि किशोरी लाल शर्मा को गांधी परिवार से ही जोड़कर देखा जाना चाहिए। 40 सालों से वह गांधी परिवार के साथ है। हर दुख में साथ रहे, हर सुख के साक्षी रहे। रही बात, चुनावी प्रबंधन की तो हर तरह से रणनीति तैयार रहा है।

**रायबरेली से रहेगी नजर**

अमेठी में कांग्रेस की पूरी रणनीति रायबरेली में छह तारीख को पहुंच रही प्रियंका गांधी वाड्रा संभालेगी। इसके लिए रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में दोनों संसदीय सीटों के लिए अलग-अलग वॉर रूम बनाया गया है। यहां पर हरेक बूथ का विवरण अपडेट किया जा रहा है। गांव-गांव महिलाओं की टोली को एकजुट किया जा रहा है। युवाओं को अलग से फोकस किया जा रहा है। वाट्सएप ग्रुप से सक्रियता परखी जा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह कहते हैं कि पार्टी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। हरेक बूथ पर दस कार्यकर्ताओं की टीम को लगाया गया है।

**पुराने कांग्रेसियों को किया जा रहा एकजुट**

प्रियंका गांधी की टीम वर्ष 2004, 2009, 2014 व 2019 में कांग्रेस के साथ रहे नेताओं से संपर्क करने में लगी हुई है। उस वक्त जिन्होंने कांग्रेस के लिए काम किया था, रणनीति बनाई थी, गांव-गांव गए थे, वे इस समय कहां है। टीम पुराने कांग्रेसियों को एक्टिव करने में लगी हुई है। लोकसभा के मीडिया समन्वयक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी कहते हैं कि बीते चुनावों में हम कहां मजबूत थे, कहां पर कमजोर, इन सभी का अध्ययन किया जा रहा है। बूथवार रिपोर्ट बनाई जा रही है।

**किशोरी लाल इस बार खुद के लिए तैयार कर रहे रणनीति**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ काम करने के साथ ही 1991 व 1996 में कैप्टन सतीश शर्मा, 1999 में सोनिया गांधी, 2004 से 2019 तक राहुल गांधी के चुनाव की रणनीति तैयार करने वाले किशोरी लाल शर्मा इस बार खुद अपने लिए चुनावी रणनीति तैयार करेंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर वह रणनीति का मंथन करने में लगे हुए हैं।




# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 39,756 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 32,900 वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान संपन्न होने के बाद जहां प्रत्याशी और पार्टी के प्रमुख नेता अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी दे रहे हैं। तो वहीं पार्षद से लेकर मंडल अध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारी चुनावी गणित हल करने में लगे हुए हैं। दैनिक करंट क्राइम ने सिटी जोन से लेकर नदियापार तक के अलग-अलग भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों से बातचीत की। उनसे जाना कि उनके वार्ड में कितने लोगों ने मतदान किया है और कितना वोट भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जा रहा है। प्रस्तुत है बातचीत के आधार पर तैयार किया गया वोटो का रिकॉर्ड। जिसमें भाजपा के पार्षद भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को एकतरफा जीत होने का संकेत दे रहे हैं।

## सिटी से लेकर नदियापार तक पार्षद बता रहे हैं वोटो का रिकॉर्ड

## भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग की एकतरफा जीत के मिल रहे हैं संकेत

### वार्ड-99 में डाले गए 8650 वोट जिसमें से 7700 मत भाजपा के खाते में : प्रीति जैन



करंट क्राइम :वार्ड-99 से प्रीति जैन भारतीय जनता पार्टी की पार्षद हैं। उनके वार्ड में वैभव खंड एक का इलाका आता है, जो बहुमंजिला इमारतों और सोसाइटियों से भरा हुआ है। पार्षद प्रीति जैन का कहना है कि उनके वार्ड में लगभग 15,919 वोटर्स हैं। जिसमें से 8650 वोट मतदान वाले दिन डाले गए हैं। उनका मानना है कि इसमें से लगभग 7700 वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में जाएगा और यही उनकी जीत का बड़ा आधार भी बनेगा।




### वार्ड-77 में डाले गए 7905 वोट, भाजपा को मिलेंगे 6000 मत : नीलम भारद्वाज



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-77 से पार्षद नीलम भारद्वाज के वार्ड में वैशाली सेक्टर-02 का इलाका आता है। यह भारतीय जनता पार्टी के मतदाताओं का बड़ा इलाका कहा जाता है। पार्षद नीलम भारद्वाज का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 17220 मतदाता हैं। जिसमें से 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन 7905 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उनका कहना है कि उनके वार्ड- 77 में लगभग 6000 के आसपास वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में आना चाहिए। उनको उम्मीद है कि जब मतगणना होगी तो उनका यह आंकड़ा सटीक साबित होगा।

### वार्ड-09 में पड़े 9136 वोट, 7000 मत भाजपा के : शीतल चौधरी



**करंट टाइम :** भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से पार्षद शीतल चौधरी हैं। शीतल चौधरी ने बताया कि उनके वार्ड में शिब्बनपुरा और पटेल मार्ग का इलाका आता है। यहां मतदान को लेकर अच्छा रुझान देखने को मिला था। षार्षद शीतल ने बताया है कि उनके वार्ड में कुल मतदाताओं की संख्या 17571 है। जहां 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन लगभग 9136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। पार्षद शीतल चौधरी का दावा है कि उनके वार्ड-09 में लगभग 7000 के आसपास ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को वोट दिया। उनको उम्मीद है कि उनके वार्ड में कमल खिल रहा है।

### वार्ड-55 में किया 7515 मतदाताओं ने मतदान, भाजपा की झोली में 6700 वोट : संतोष सिंह



करंट क्राइम : वार्ड-55 विजयनगर जोन के पार्षद संतोष कुमार सिंह हैं। संतोष कुमार सिंह के वार्ड में विजयनगर और सेक्टर-11 ए ब्लॉक का इलाका आता है। उन्होंने बताया है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के लिए अच्छे प्रतिशत में मतदान हुआ है। 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके वार्ड-55 में कुल 7515 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। षार्षद को उम्मीद है कि वार्ड में लगभग 6700 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को वोट देने का काम किया है। अतुल गर्ग की जीत में उनके वार्ड का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

### 6550 लोगों ने किया वार्ड-76 में मताधिकार, अतुल गर्ग के खाते में आएंगे 5500 वोट : गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-76 से पार्षद गौरव सोलंकी हैं। गौरव सोलंकी के इलाके में वैशाली सेक्टर-01 की आबादी आती है, जो दिल्ली से बेहद सटा हुआ इलाका है। पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया है कि उनके वार्ड-76 में 13047 मतदाता हैं। 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन लगभग 6550 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उनके वार्ड-76 में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 5500 वोट आएंगे। उनको उम्मीद है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की जीत में उनके वार्ड का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

# जारी हो गई बार चुनाव कार्यक्रम की डेट, फिलहाल रहेगा अभी आचार संहिता खत्म होने का वेट

**1 और 2 जुलाई को होगा नामांकन और 8 जुलाई को होना है बार गाजियाबाद चुनाव के लिए मतदान**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी बार एसोसिएशन में शामिल गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी चुनाव की तिथियों की घोषणा हो गई है। बीते दिनों बार अध्यक्ष और सचिव की बैठक के बाद नई तिथियां घोषित की गई हैं। बार सचिव स्नेह कुमार त्यागी ने जानकारी दी है कि बार अध्यक्ष राकेश कैली की अध्यक्षता में बैठक के बाद कार्यक्रम तय किया गया है। जिसके अनुसार नामांकन की तिथि एक और दो जुलाई को रखी गई है, जबकि मतदान 8 जुलाई को होगा। वहीं उसी दिन नई कार्यकारिणी काउंटिंग के बाद नई टीम घोषित कर दी जाएगी। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के लिए होने वाले चुनाव में बड़ी संख्या में अधिवक्ता भाग लेते हैं। बार चुनाव के लिए प्रचार और संपर्क कार्यक्रम भी कई दिनों तक चलेगा। वहीं इस चुनाव में गाजियाबाद के कई जनप्रतिनिधि भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नई टीम को चुनने का काम करते हैं। वहीं सुरक्षा के लिहाज से भी बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण रहता है।

## सुरक्षा के लिहाज से बार एसोसिएशन का चुनाव रहता है बेहद महत्वपूर्ण



### यह है बार चुनाव गाजियाबाद का कार्यक्रम

**नामांकन की तिथि**
एक और दो जुलाई प्रात 10 :30 बजे से शाम 4 :00 बजे तक।

**नाम वापसी की तिथि**
3 जुलाई को प्रात : 10 :30 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक।

**नामांकन की जांच तिथि**
3 जुलाई को 2 :00 बजे से 4 :00 बजे तक।

**नामांकन सूची की प्रकाशन तिथि**
3 जुलाई को शाम 5 :00 बजे तक।

**मतदान की तिथि**
8 जुलाई को प्रात : 8 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक।

**मतगणना एवं टीम घोषणा की तिथि**
8 जुलाई को देर रात तक।

# कौन-सी विधानसभा बनेगी इस बार कमल खिलाने में विधानसभा नंबर वन

## लगने लगे हैं अभी से अनुमान, किस विधानसभा में धीमा रह जायेगा मार्जिन आंकड़ा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदान के प्रतिशत में इस बार अनुमान के प्रतिशत को गडबड़ा दिया है। मतदान के कम प्रतिशत के बाद से अब लगातार इस बात को लेकर कयास लग रहे हैं कि पूरे प्रयास के बाद भी कौन सी विधानसभा में इस बार कमल सबसे ज्यादा वोटों से खिलेगा। हालांकि देश की सबसे बड़ी विधानसभा की बात करें तो यह साहिबाबाद विधानसभा है। इस विधानसभा को नंबर वन विधानसभा इसलिए भी कहते हैं क्योंकि यहां से कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। अब कयास और अनुमान इस बात को लेकर चल रहा है कि गाजियाबाद में कौन सी विधानसभा इस बार कमल खिलाने में नंबर वन रहेगी। बूथ की रिपोर्ट सभी भाजपा नेता दे रहे हैं। बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक बता रहे हैं कि मेरे बूथ पर इतने वोट थे और इनमें से इतने वोट डले हैं। वो दावा भी कर रहे हैं कि कुल पड़े वोटों में इतने वोट भाजपा को पड़े हैं। सब अपने बूथ को मजबूत बता रहे हैं। लोनी वाले नेताओं का कहना है कि उनके गांव में हर बूथ पर भाजपा जीत रही है। लेकिन अब सवाल बूथ से चलते हुए मंडल तक आया और मंडल से अब ये सवाल विधानसभा पर आ गया है। किस विधायक के सिर पर इस बार नंबर वन विधानसभा के विधायक होने का सेहरा बंधने वाला है। यहां सवाल किसी भी दल की चुनावी जीत और हार का नहीं है। यहां सवाल सिर्फ इतना है कि कौन सी विधानसभा में भाजपा का कमल सबसे ज्यादा वोटों से खिला है। कौन सी विधानसभा में कमल मुरझा गया है और आंकलन अनुमान का दौर चल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक अपने अपने हिसाब से वोट का समीकरण, वोट का प्रतिशत और मतदान के इलाके से आंकड़ा निकालकर दे रहे हैं। चार जून का इंतजार है और चार जून को स्पष्ट हो जायेगा कि किसके दावों में कितना दम था और किसके दावों में कोई असर नहीं निकला है। अब तो इंतजार उस विधानसभा का है जो लोकसभा के चुनाव में सबसे ज्यादा कमल खिलाकर सामने आयेगी।

# मार्च में कम तो अप्रैल में डेढ़ गुना बढ़ गई अग्नि हादसों की संख्या

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम में बदलाव आते ही अग्निशमन विभाग अलर्ट हो जाता है लेकिन अगर साल 2023 की बात की जाए तो मार्च के महीने में गाजियाबाद में कुल 94 अग्निकांड हुए, तो अप्रैल माह में यह आंकड़ा बढ़कर 2023 में 124 जा पहुंचा था।

इसी के साथ अगर साल 2024 की मार्च माह की बात करें तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग थानाक्षेत्रों में कुल 78 अग्निकांड मार्च 2024 में सामने आए हैं। जबकि यह आंकड़ा अप्रैल 2024 में बढ़कर 207 पहुंच गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस वर्ष अप्रैल माह के अंतर्गत आग लगे और भीषण अग्निकांड की संख्या में काफी इजाफा हुआ है।

अधिकांश आग लगने के मामलों में शॉर्ट सर्किट और कबाड़ की वजह से होना पाया गया है। इस दौरान कमिश्नरेट सिस्टम में कई लोगों की आग की लैपटों में फंसकर जीवन लीला भी समाप्त हुई है।

**पिछले साल अप्रैल में हुए थे 124 अग्निकांड**



**इस बार आग लगने का आंकड़ा पहुंचा 207**

## शॉर्ट सर्किट और कबाड़ की वजह से हुए सबसे ज्यादा अग्निकांड



## मार्च में कम तो अप्रैल में डेढ़ गुना बढ़े अग्नि हादसे

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि इस बार अप्रैल के महीने में ही गर्मी दिन के वक्त अधिक होने लगी थी। इसका कारण यह है कि पिछले वर्ष जहां अग्निकांड अप्रैल माह के दौरान कुल 124 हुए थे, तो इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 2024 में 207 दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश बड़े अग्निकांड में शॉर्ट सर्किट और कबाड़ के माध्यम से फैली आग मुख्य वजह बनी है। इसके साथ ही लोनी और साहिबाबाद इलाकों में आग लगने की वजह से लोगों की जीवन लीला भी समाप्त हुई है।



**अधिकांश बड़े अग्निकांड में शॉर्ट सर्किट और कबाड़ के माध्यम से फैली आग मुख्य वजह बनी है : राहुल पाल**

## क्विक रिस्पांस टाइम ने बचाया बड़ा नुकसान

**करंट क्राइम :** यह बात अलग है कि अप्रैल के माह में आग लगने के हादसों की संख्या में इजाफा हुआ है और अग्नि कांडों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि गाजियाबाद के अलग-अलग फायर स्टेशन द्वारा क्विक रिस्पांस टाइम का बेहतर प्रदर्शन किया गया है। जिसकी वजह से कई बड़े अग्नि हादसों में नुकसान की कीमत बेहद कम हुई है। साथ ही दमकल कर्मियों ने भीषण अग्निकांड में आसपास की संपत्ति और लोगों की जान और माल को बचाने का भी काम किया है। उन्होंने जानकारी दी है कि बीते एक साल में अग्निशमन विभाग गाजियाबाद द्वारा लगभग 500 से अधिक राहत एवं बचाव के साथ ही लोगों को आग से बचाने के प्रारंभिक प्रशिक्षण की निशुल्क क्लासेस दी गई थीं। उसका लाभ यह है कि अग्नि हादसों में नुकसान कम हो रहा है।



## दो स्थानों पर आग से लाखों का नुकसान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में सटे हुए वर्कशॉप, रेस्टोरेंट, वेल्डिंग की दुकान और बारबर शॉप में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की वर्कशॉप में खड़ी सीएनजी कार में ब्लास्ट हो गया। जिसकी लपटें आसमान में दिखाई दी। दमकल विभाग की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही की चारों जगह काम करने वाले लोग आग लगते ही बाहर आ गए थे। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली को यह सूचना दी गई की राजनगर एक्सटेंशन में कार वर्कशॉप, रेस्टोरेंट और वेल्डिंग की दुकान में आग लग गई है। जिसको लेकर कोतवाली फायर स्टेशन से दो फायर टैंकर घटना स्थल पर रवाना किए गए। घटना स्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा की देवीका स्पाईकर राजनगर एक्सटेंशन के सामने चारों जगह आग लग रही थी। आग बेहद भीषण थी साथ ही काला धुंआ भी था। जिसको लेकर दमकल की 6 गाड़ियां और मंगवाई गई।



### शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग

करंट क्राइम : फिलहाल पता चला है की बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट के चलते चारों दुकानों में आग लगी थी। आग इतनी भीषण थी कि उसने वर्कशॉप में खड़ी सीएनजी कार को भी चपेट में ले लिया। उसमें हुए ब्लास्ट की लपटें ऊपर आसमान तक में देखी गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



## शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए इन बातों का रखना चाहिए ध्यान

- खुले तार आपस में चिपकें नहीं ताकि फेस और न्यूट्रल शॉर्ट न होने पाए।
- तारों का कनेक्शन ढीला न रखें।
- इंसुलेशन के डैमेज होने पर तारों को बदल दें।
- सॉकेट की कैपेसिटी के हिसाब से ही उसमें प्लग लगाएं।
- इलेक्ट्रिक एप्लाएंसेज यूज होने के बाद प्लग को सॉकेट से निकाल दें।
- बिजली उपकरणों के प्लगों और बिजली के तारों को पानी और आग से दूर रखें।
- उपकरणों की केबल जरा सी भी डैमेज होने पर उनका इस्तेमाल न करें।
- केबल वायर को कभी भी कारपेट या रग के नीचे ना फैलाएं।
- उन सॉकेट को तुरंत बदलवा दें, जिनके चलने पर जलने की बदबू आ रही हो।

## संपादकीय

# प्लास्टिक प्रदूषण का सामना

अतकरीबन 175 देशों के प्रतिनिधियों के नैरोबी में एकत्रित होने और प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए कानूनी रूप से प्रभावी पहली संधि करने पर सहमति होने के दो वर्ष बाद भी इस बात की बहुत कम उम्मीद है कि निकट भविष्य में दुनिया इस विषय पर किसी सहमति पर पहुंच सकेगी और प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर कोई संधि हो सकेगी।

प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर अंतरसरकारी वार्ता समिति की ओटावा में चौथी बैठक हाल ही में हुई। बहरहाल, आश्चर्य नहीं कि आधी रात के बाद तक बातचीत के बावजूद प्लास्टिक उत्पादन की सीमा तय करने को लेकर कोई साझा सहमति नहीं बन सकी। अधिकांश देश जहां इस बात पर सहमत थे कि प्लास्टिक उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन के आरंभिक खनन से लेकर प्लाटिस्क कचरे के अंतिम निपटान तक इसके संपूर्ण जीवनचक्र में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने की आवश्यकता है लेकिन कुछ देशों ने कहा कि इसके उत्पादन पर कोई सीमा आरोपित करना संभव नहीं प्रतीत होता।

पेट्रोकेमिकल संपन्न देशों और कई औद्योगिक समूहों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ लॉबीइंग की। इसके बजाय वे चाहते हैं कि संधि में प्लास्टिक के पुनर्चक्रण और कचरा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

यह बात सभी जानते हैं कि कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करना भर प्लास्टिक संकट से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। पूरी दुनिया में हर वर्ष 40 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पादित होता है। दुनिया भर में अब तक उत्पन्न सात अरब टन प्लास्टिक कचरे में से 10 फीसदी से भी कम का पुनर्चक्रण हुआ है।

अधिकांश प्लास्टिक कचरा समुद्रों और कचरे के ढेरों में जाता है। प्लास्टिक सिंथेटिक पॉलिमर होता है जिसका जैविक अपघटन नहीं होता है। समस्या यहीं समाप्त नहीं होती है। इसकी उत्पादन प्रक्रिया भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती है। पॉलिमराइजेशन की प्रक्रिया और उत्सर्जन करती है।

अमेरिका की लॉरेंस बर्कली नैशनल लैबोरेटरी के अनुमानों के मुताबिक 2019 में प्लास्टिक निर्माण के कारण 2.24 गीगाटन ऐसा प्रदूषण हुआ जो धरती का तापमान बढ़ाने वाला है। यह 600 कोयला संचालित ताप बिजली घरों के उत्सर्जन के बराबर है। चार फीसदी वार्षिक वृद्धि के अनुमान के साथ देखें तो 2050 तक प्लास्टिक उत्पादन 5.13 गीगाटन हो जाएगा, भले ही तब तक हम सफलतापूर्वक पावर ग्रिड का अकार्बनीकरण कर चुके हों।

इस संदर्भ में वैश्विक समझौते पर नहीं पहुंच पाना दिखाता है कि कारोबारी और आर्थिक हित संभावित पर्यावरणीय लाभों पर भारी पड़ रहे हैं। दुनिया की सात शीर्ष प्लास्टिक उत्पादन कंपनियां जीवाश्म ईंधन कंपनियां ही हैं। बीते कुछ दशकों में प्लास्टिक को लेकर एक नई चिंता सामने आई है और वह है मानव स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव। सूक्ष्म और नैनो प्लास्टिक के अंश न केवल इंसानी खून में बल्कि गर्भनाल में भी पाए गए हैं। समुचित निपटान प्रणाली और कचरा संग्रहण तकनीक प्लास्टिक के जलवायु प्रभाव को रोकने या उन्हें मनुष्य के शरीर में पहुंचने से रोकने के लिए अपर्याप्त हैं। ऐसा कचरे के प्लास्टिक बन जाने के बहुत पहले हो जाता है। ऐसे में उत्पादन कम करके ही लंबी अवधि में इस समस्या से निपटा जा सकता है।

सन 2022 में भारत ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 लागू किया था जिसके तहत 19 श्रेणियों में एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया था हालांकि वे देश में एकल इस्तेमाल वाले कुल प्लास्टिक का केवल 11 फीसदी है। परंतु अब भी उनका इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। तमाम स्थानों पर इनकी बिक्री चल रही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि प्लास्टिक की समस्या को लेकर निजी या सार्वजनिक रूप से पर्याप्त फंडिंग नहीं आ रही है। इसके चलते बेहतर लागत वाले विकल्प सामने नहीं आ रहे हैं। फोटो-ऑक्सिडेशन या प्लास्टिक खाने वाले माइक्रोब्स मसलन नेट्रिजिएंस बैक्टीरिया का उत्पादन भी नहीं बढ़ाया जा सका है। फिलहाल बुसान की राह अनिश्चित है जहां वार्ता समिति की पांचवें दौर की बातचीत इस वर्ष के अंत में होनी है।


# भारतीय चुनाव के उच्चतम मानकों व पारदर्शिता की पूरी दुनिया में गूंज

## 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधियों का भारत आना कद व प्रतिष्ठा में चार चांद

किशन सनमुखदास भावनानी

शिवक स्तरपर पूरी दुनियां की टकटकी नजरें भारत में होरहे चुनावी महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। हालांकि दो चरण 19 व 26 अप्रैल 2024 पूर्ण हो चुके हैं, तीसरे चरण 7 मई, चौथे चरण 13, पांचवा चरण 20 व छठवां चरण 25 मई 2024 का नोटिफिकेशन इशू होकर तैयारियां शुरू है, जिसमें दिल्ली की 7 सीटों पर सबकी नजरें लगी हुई है जिसपर अति हाई लेवल पर जनता की जिज्ञासा टिकी हुई है,क्योंकि इसमें एक पार्टी का भविष्य की सहानुभूति से जुड़ा है, जिसपर पूरी दुनियां की नजरें लगी है फिर भी भारत दुनियां का सबसे बड़ा व चुनावी प्रणालियों की बारीकियां, सटीक प्रथाओं उच्चतम मानकों वपारदर्शिता का गड़ है, इसीलिए ही भारतीय चुनाव आयोग की पूरी दुनियां में धाक है, जिसका सटीक उदाहरण दिनांक 4 से 9 मई 2024 तक दुनियां के चुनाव प्रबंधन निकायों के 23 देशो के 75 प्रतिनिधि भारत पहुंचे हैं जो भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगने के बराबर है, जिसे हर भारतीय को गौरववित होकर रेखांकित करना जरूरी है। देश में पहला चुनाव 1951 में हुआ था परंतु इस बार 2024 में 73 साल गुजर चुके हैं 18 वीं लोकसभा का चुनाव हो रहा है ।इस लंबी अवधि से भारत के राजनीतिक नजारों में बेहद परिवर्तन हो चुका है कई नए राज्य बन गए हैं तो कई नई लोकसभा, विधानसभा सीटें बन गई है और आगे भी बढ़ेगी जिसे देखते हुए नया संसद भवन, सदस्यों की विशाल कैपेसिटी को देखते हुए बनाया गया है, तो चुनाव आयोग भी समय-समय पर अनेक परिवर्तन संशोधन पारिस्थितिकी तंत्र परिस्थितियों के अनुसार अपने आप को ढालते हुए आज विश्व पटल पर एक सफल चुनाव आयोग की अपनी प्रतिष्ठा कायम रखे हुए हैं, जिसे देखने दुनिया के अनेक देश भारत आए हैं और उनके द्वारा कुछ गुण वहां से उठाकर अपने देश में लागू करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि भारतीय चुनाव प्रणाली की बारीकियों,सर्वोत्तम प्रथाओं का अवलोकन करने दुनियां के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि भारत पहुंचे हैं,इसलिए आजहम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारतीय चुनाव आयोग के उच्चतम मानकों व पारदर्शिता की पूरी दुनियां में भारत की गूंज है।

साथियों बात अगर हम 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधियों के भारत पहुंचने की करें तो, भारत के चुनाव आयोग ने दुनियां के सबसे बड़े चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकोंकोआमंत्रित किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि यह अभ्यास भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में पहला है। आमंत्रित प्रतिनिधि 23 देशों - भूटान मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे,बांग्लादेश कजाकिस्तान जॉर्जिया के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया



हैं ।इन23 देशोंके साथइंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान और इजराइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी ।भारत के चुनावी निकाय ने कहा कि यह उच्चतम मानकों के आम चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है, जो ईएमबी के लिए लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए एक स्वर्णिम पुल की पेशकश करता है ।ईसीआई ने एक बयान में कहा,भारत का चुनाव आयोग मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है ।ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है ।मुख्य चुनाव आयुक्त, दोनों चुनाव आयुक्त 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इसके बाद प्रतिनिधि छह राज्यों-महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए छोटे समूहों में निकले ।कार्यक्रम का समापन 9 मई को होगा। चल रहे लोकसभा चुनाव जो 19 अप्रैल को शुरू हुए और सात चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं, 1 जून को समाप्त होंगे और 4 जून को वोटों की गिनती होगी।

साथियों बात अगर हम छठवें चरण के चुनाव की करें तो छठवें चरण की नामांकन प्रक्रिया सोमवार यानी 29 अप्रैल से शुरू हो चुकी है 6 मई नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि है। सात मई को नामांकन पत्रों की समीक्षा होगी। प्रत्याशी नौ मई को नामांकन वापस ले सकते हैं ।सात राज्यों की 57 लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। हरियाणा और दिल्ली की सभी सीटों पर इसी चरण में मतदान संपन्न हो जाएगा ।दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव इसी चरण में है। चांदनी चौक, उत्तरी-पूर्व दिल्ली, पूर्व दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चुनावी अखंडता और पारदर्शिता के प्रतीक के रूप में, निर्वाचन आयोग वैश्विक चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत में लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रथम द्दष्टया देखने की पेशकश करते हुए देश में उच्चतम मानकों के साथ आम चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है। निर्वाचन आयोग चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

साथियों बात अगर हम पहले लोकसभा चुनाव 1951-52 से 18वीं लोकसभाके लिए चुनाव 2024 तक सफर की करें तो पहले आम चुनाव से अब तक इतना बदल गया देश का सियासी मैप, मध्य भारत,विंध्य प्रदेश, सौराष्ट्र, बॉम्बे, मद्रास, हैदराबाद, पीईपीएसयू, कच्छ, कुर्ग, बिलासपुर, भोपाल, अजमेर, देश के ये शहर और रियासत कभी राज्य हुआ करते थे ।राज्य पुनर्गठन आयोगबनने और उसकीसिफारिशों के आधार पर देश के मौजूदा राजनीतिक नक्शे के सामने आने से पहले भारत इन्हीं रियासतों-राज्यों में बंटा था ।देश के पहले आम चुनाव से लेकर अबतक 73 साल गुजर चुके हैं। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहा है।

*(लेखक पेशे से एडवोकेट हैं)*

# भारत ने खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों की अधिकतम सीमा के लिए कड़े मानदंड अपनाए : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के लिए सबसे कड़े मानदंड हैं। इसके साथ ही खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि मसालों और जड़ी-बूटियों में उच्चस्तर के कीटनाशक अवशेषों की अनुमति है। इससे पहले हांगकांग के खाद्य नियामक ने दो प्रमुख भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों के नमूनों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की कथित उपस्थिति के कारण प्रतिबंध लगा दिया था।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) घरेलू बाजारों में बेचे जाने वाले एमडीएच और एवरेस्ट सहित ब्रांडेड मसालों के नमूने ले रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इसके गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन करते हैं।



प्राधिकरण निर्यात किए जाने वाले मसालों की गुणवत्ता निर्धारित नहीं करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जोखिम मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों की अधिकतम मात्रा अलग-अलग होती है।

मंत्रालय ने कहा, कुछ मीडिया खबरों में दावा किया जा रहा है कि एफएसएसएआई जड़ी-बूटियों और मसालों में 10 गुना अधिक कीटनाशक अवशेषों की अनुमति देता है। ऐसी रिपोर्ट झूठी और दुर्भावनापूर्ण हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत में अधिकतम अवशेष सीमा (एमआएल) के लिए बेहद कड़े मानक हैं।

# पैसे का कर लीजिए इंतजाम, आ रहा 1000 करोड़ रूपये के फ्रेश इश्यू वाला आईपीओ

**मुंबई।** मुथूट फाइनेंस की कंपनी बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टिंग की तैयारी कर रही है। इसी के तहत कंपनी ने सेबी को प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं। इसके जरिए कंपनी 1300 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है ।ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक चेन्नई की इस कंपनी के आईपीओ में 1000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू शामिल हैं। निवेशक शेयरधारकों द्वारा 300 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। ओएफएस में डेनिश एसेट मैनेजमेंट फर्म एमएजे इन्वेस्ट का लक्ष्य 175 करोड़ रुपये के शेयर बेचने का है। वहीं, अरुम होल्डिंग्स लिमिटेड (97 करोड़ रुपये) और ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स जीरो पीटीई लिमिटेड (28 करोड़ रुपये) भी हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

एक लड़का इंटरनेट पर सर्च करते हुए लिखता है।
'हाऊ टु इंप्रेस अ गर्ल इफ वीक इन
इंग्लिश जवाब मिला...
ओए, सुधर जाओ, खेती बाड़ी कर
लेओ जेमे फायदा ना,
मोड़ी पटावे में कछु नाई धरो, जायदाद बिक जेहे जे
चक्करन मा, और जूता पड़िहैं, वै अलग।

---

राकेश- यार तू अपनी बीवी को किस नाम
से बुलाता है?
रमेश- गूगल
राकेश- ये कैसा नाम हुआ।
रमेश- क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब
100 मिलते हैं।

---

पिता- नालायक, तू फिर फेल हो गया, आज से कभी
मुझे पापा मत कहना
टीटू- ओह कमऑन डैड, स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई
डीएनए टेस्ट थोड़ी न था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत की पुरुष 4x400 मीटर टीम विश्व रिले की हीट को पूरा करने में नाकाम

**नासाउ।** दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट (शुरूआती दौर की रेस) पूरी करने में विफल रही। मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी।

अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एक बयान में कहा, पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की शुरूआत अच्छी रही थी। मोहम्मद अनस ने पहले चरण में 45.93 सेकेंड का समय लिया लेकिन दूसरे धावक राजेश रमेश पहले मोड़ पर पैर की मांसपेशियों में जकड़न के कारण गिर गए। रमेश ने पुरुष वर्ग में हिस्सा लेने से तीन घंटे पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में भी भाग लिया था। भारत के पास सोमवार को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के दौरान एक और मौका होगा जहां रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो से बाहर रहने वाली अन्य सभी टीमें पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगी।




टीमों को तीन हीट में विभाजित किए जाने की उम्मीद है और उनमें से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम पेरिस के लिए क्वालीकाई करेंगी। भारत की इसी चौकड़ी ने 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में दो मिनट 59.05 सेकेंड का एशियाई रिकॉर्ड बनाया था। तोक्यो ओलंपिक में भारत हीट दौर से आगे निकलने में नाकाम रहा था। भारत क्वालीफिकेशन के पहले दिन महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले में भी पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में असफल रहा। मिश्रित चार गुणा 400 मीटर और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर दोनों भारतीय टीमों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए सोमवार को होने वाले दूसरे दौर का इंतजार करना होगा।

मिश्रित चार गुणा 400 मीटर स्पर्धा में राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय चौकड़ी खराब प्रदर्शन करते हुए तीन मिनट 20.36 सेकेंड के समय के साथ हीट नंबर दो में छठे स्थान पर रही। बाद में विथ्या रामराज, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी तीन मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ महिला चार गुणा 400 मीटर की हीट नंबर एक में पांचवें स्थान पर रही।

यहां से चार हीट में से प्रत्येक में शीर्ष दो में रहने वाली टीमें 16 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सभी हीट में शेष टीमें अन्य छह पेरिस ओलंपिक स्थानों के लिए एक और क्वालिफिकेशन दौर में सोमवार को फिर से प्रतिस्पर्धा करेंगी। यहां आयोजित होने वाली सभी पांच रिले- पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर, पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर- के लिए प्रारूप समान है।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में

**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है।

टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, टूनामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। आईसीसी ने बताया, ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।



मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है। आज क्वालीफाइंग टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली दो टीम तय होने के साथ मुख्य टूनामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली दो टीम का फैसला होगा। आयरलैंड, यूएई, श्रीलंका और स्कॉटलैंड मुख्य टूनामेंट में जगह बनाने की दौड़ में हैं। आयरलैंड की टीम आज पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी जबकि दूसरा सेमीफाइनल भी आज ही होगा जिसमें यूएई की भिड़ंत श्रीलंका से होगी। दोनों सेमीफाइनल अबु धाबी के सेख जायेद स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने का रवैया सिराज की असली ताकत, गावस्कर ने कहा

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की चार विकेट से जीत के बाद कहा कि मोहम्मद सिराज का आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाला रवैया उनकी असली ताकत है।

पावरप्ले में सिराज ने दो विकेट चटकाते हुए शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा को पवेलियन भेजा जिससे टाइटंस की टीम शनिवार को 19.3 ओवर में सिर्फ 147 रन ढेर हो गई। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, हर बार जब आप मोहम्मद सिराज को देखते हैं, तो आप जानते हैं कि वह अपनी जान लगा देगा। उस समय को याद करें जब उसके पिता का निधन हो गया था, जब वह ऑस्ट्रेलिया में था। वह खेलता रहा। उन्होंने कहा, बहुत से लोग वापस जाना चाहेंगे क्योंकि आपके माता-पिता आपको बहुत प्यारे होते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उसे अहसास हुआ कि भारत के लिए खेलना महत्वपूर्ण था। इसके अलावा, उस स्तर पर उसकी जगह पक्की नहीं थी। एक स्थापित खिलाड़ी शत प्रतिशत चला गया होता। गावस्कर ने कहा, और याद रखें कि उन्होंने उस गाबा टेस्ट मैच में कितनी शानदार गेंदबाजी की थी। स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ी को आउट करना, जब वह 55 रन पर था... तो यह मोहम्मद सिराज की असली ताकत है, आत्मविश्वास और मैदान पर कभी हार नहीं मानने वाला रवैया।



# बजरंग पूनिया की मुश्किलें बढ़ी, नाडा ने किया सस्पेंड, टूट सकता है पेरिस ओलंपिक का सपना

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के लिए पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। नाडा ने रविवार 5 मई को इस स्टार पहलवान को डोप टेस्ट ना कराए जाने को लेकर एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया। इस कड़े कदम की वजह से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक में खेलने को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है।

बजरंग पूनिया को राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी की तरफ से सस्पेंड कर दिया गया है। नाडा की तरफ से यह फैसला लिए जाने के बाद अब उनके पेरिस ओलंपिक में जाने की उम्मीदों के जोरदार झटका लगा है। डोप सैंपल नहीं देने के लिए बजरंग पूनिया को ठअऊअ ने किया सस्पेंड। इस साल मार्च में सोनीपत में हुए ट्रायल के बाद बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट नहीं दिया था। अब अगर उनके उपर लगा यह बैन नहीं हटा तो पेरिस ओलंपिक के लिए होने वाले फाइनल ट्रायल में नहीं ले पाएंगे हिस्सा।



भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारत के लिए ओलंपिक कांस्य पदक जीता है। टोक्यो में हुए ओलंपिक 2020 में उन्होंने 65 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

# अजय जडेजा ने कहा, आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में

**मुंबई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को वेंटिलेटर से बाहर निकाल दिया है लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी आईसीयू में है।

शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी। जडेजा ने जियो सिनेमा से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। उन्होंने कहा,विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है।




जडेजा ने कहा, गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

# लखनऊ सुपरजाएंट्स को लगा बड़ा झटका यह तेज गेंदबाज हुआ बाहर, खुद कोच ने की पुष्टि

**मुंबई।** लखनऊ सुपरजाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना रविवार को होना है, लेकिन उससे पहले ही टीम को तगड़ा झटका है। लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव पेट के निचले हिस्से की मांसपेशी में चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सीजन के लीग चरण में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया था। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं।

### लैंगर ने मयंक के बाहर होने की पुष्टि की

केकेआर के खिलाफ मैच से पहले लखनऊ के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मयंक यादव के आईपीएल से बाहर होने की पुष्टि की। मयंक की फिटनेस को लेकर लैंगर ने कहा, हम प्रार्थना करेंगे कि वह खेल सके। उम्मीद है कि अगर हम प्लेऑफ में पहुंचे तो मयंक उस समय तक फिट हो जाएंगे तो खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि मुझे नहीं लगता कि वह टूनामेंट में खेल सकेंगे। मयंक का स्कैन कराया गया है। उसे उसी जगह पर चोट लगी है जहां पहले लगी थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मयंक ने जसप्रीत बुमराह से भी बात की थी जिसने उसे समझाया कि चोट लगना तेज गेंदबाज के करियर का हिस्सा हैं।




**दो मैचों में स्पैल भी पूरा नहीं कर पाए थे मयंक**

मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और सिर्फ एक ओवर डालने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद उन्होंने गत मंगलवार को मुंबई के खिलाफ खेले गए मैच से वापसी की थी, लेकिन उनके पेट की मांसपेशियों में चोट लग गई और उन्हें बाहर जाना पड़ा। आईपीएल 2024 में 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले मयंक दो मैचों में अपने चार ओवर का कोटा भी पूरा नहीं कर सके थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मयंक को ग्रेड-1 की चोट लगी है जिससे उबरने में अधिक समय नहीं लगता है। लखनऊ सुपरजाएंट्स अगर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा तो मयंक नॉकआउट मैच खेलने के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

### आईपीएल के मौजूदा सीजन में बिखेरी चमक

मयंक ने आईपीएल में अपने करियर की शुरूआत शानदार तरीके से की थी और वह अपने पहले दो मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। मयंक ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में इस सीजन की सबसे तेज गेंद फेंकी थी। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था। दरअसल, पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में मयंक ने 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वहीं, बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने 156.7 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंक कर अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया था। यह इस सीजन अब तक की सबसे तेज गेंद है।

# केकेआर से पिछली हार का बदला लेने उतरेगा लखनऊ, मयंक यादव की खलेगी कमी

**मुंबई।** आईपीएल में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा। मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुआई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। केकेआर ने इस सीजन दोनों टीमों के बीच खेले गए मैच में लखनऊ को हराया था और अब लखनऊ की कोशिश अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता से बदला लेने की होगी।



### अंक तालिका में कैसी है दोनों टीमों की स्थिति

लखनऊ के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है।

**लखनऊ को खलेगी मयंक यादव की कमी**

लखनऊ की टीम के गेंदबाजों को केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। टीम को तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मयंक यादव की सेवाएं नहीं मिलेंगी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया।

लखनऊ को यहां इकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। टीम आखिरी ओवर में सिर्फ चार विकेट से जीत हासिल कर सकी। कप्तान राहुल और मार्कस स्टोइनिस ने लखनऊ के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और यह देखना होगा कि क्या दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी क्विंटन डिकॉक को युवा अर्शिन कुलकर्णी के स्थान पर वापस लाया जाता है। कुलकर्णी ने पिछले मैच में पारी की शुरूआत की थी। निकोलस पूरन ने इस सत्र में अब तक अर्धशतक नहीं बनाया है लेकिन उन्होंने कई मौके पर आखिरी ओवर में टीम के लिए तेजी से रन बनाए हैं। वह हालांकि मुंबई के खिलाफ रन बनाने में संघर्ष करते दिखे जिससे उनका फिनिशिंग कौशल सवालों के घेरे में है।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुजरात टाइटंस को 4 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** आईपीएल में आरसीबी और गुजरात के बीच मुकाबला खेला गया। अपने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हरा दिया। डु प्लेसी ने 23 गेंद में द चौकों और तीन छक्कों की मदद से 64 रन बनाए जबकि विराट कोहली ने 27 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों के साथ 42 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 35 गेंद में 92 रन जोड़े। अपनी गलतियों के कारण हालांकि, एक बार आरसीबी 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई थी।

इस जीत से आरसीबी 11 मैचों में आठ अंक के साथ सातवें स्थान पर है और तकनीकी तौर पर प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। डुप्लेसी और कोहली ने पावरप्ले में 92 रन जोड़े जिसमें 10 चौके और सात छक्के शामिल थे। कोहली ने तेज गेंदबाज मोहित शर्मा को पहले ही ओवर में दो छक्के लगाये। डुप्लेसी ने बायें हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल को दूसरे ओवर में तीन चौके और एक छक्के समेत 20 रन निकाले। अपना पहला आईपीएल मैच खेल रहे स्पिनर मानव सुतार भी कुछ नहीं कर सके। कोहली ने सुतार को लगातार दो छक्के लगाये।




डुप्लेसी ने मोहित को पांचवें ओवर में चार चौके जड़कर 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। आरसीबी ने छठे से 10वें ओवर के बीच में विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट गंवा दिये। लिटिल ने 45 रन देकर चार विकेट लिये जबकि नूर अहमद को दो विकेट मिले। अहमद ने कोहली को पवेलियन भेजा लेकिन दिनेश कार्तिक ने 12 गेंद में 21 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन और अपनी गलतियों के कारण गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज19 . 3 ओवर में 147 रन पर पवेलियन लौट गए।

गुजरात के लिये डेविड मिलर और शाहरूख खान ने 61 रन और राहुल तेवतिया तथा राशिद खान ने 44 रन की साझेदारी की। टीम को शीर्षक्रम पर एक अच्छी साझेदारी की कमी खली। आरसीबी के तेज गेंदबाजों के सामने गुजरात के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। मोहम्मद सिराज ने 29 रन देकर और यश दयाल ने 21 रन देकर दो दो विकेट लिये। गुजरात की टीम पावरप्ले में दो चौके ही लगा सकी जिससे साबित होता है कि बल्लेबाज किस कदर दबाव में थे। गुजरात का पावरप्ले में स्कोर तीन विकेट पर 23 रन था जो इस सत्र का न्यूनतम स्कोर है। सिराज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रिधिमान साहा को विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक के हाथों लपकवाया।

**आरसीबी के तेज गेंदबाजों के सामने गुजरात के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। मोहम्मद सिराज ने 29 रन देकर और यश दयाल ने 21 रन देकर दो दो विकेट लिये। गुजरात की टीम पावरप्ले में दो चौके ही लगा सकी जिससे साबित होता है कि बल्लेबाज किस कदर दबाव में थे।**

वहीं शुभमन गिल डीप प्वाइंट में विजयकुमार विशाक को कैच देकर लौटे। कैमरन ग्रीन ने पावरप्ले में तीसरा विकेट फॉर्म में चल रहे बी साई सुदर्शन के रूप में लिया जिन्होंने मिड आफ में विराट कोहली को कैच थमाया। मिलर ने 20 गेंद में 30 और शाहरूख ने 24 गेंद में 37 रन बनाकर गुजरात को सम्मानजनक स्कोर तक ले जाने की कोशिश की। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 37 गेंद में 61 रन जोड़े। मिलर को 23 के स्कोर पर कर्ण शर्मा की गेंद पर ग्रीन ने स्क्वेयर लेग में जीवनदान दिया। उन्होंने कर्ण को दो छक्के लगाये लेकिन इसी गेंदबाज ने उन्हें डीप में ग्लेन मैक्सवेल के हाथों लपकवाया।

शाहरूख रन लेने के प्रयास में कोहली के सटीक थ्रो पर रन आउट हो गए। तेवतिया ने 21 गेंद में 35 और राशिद ने 14 गेंद में 18 रन बनाये। राशिद को यश दयाल ने आउट किया। तेवतिया ने कर्ण को 16वें ओवर में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

# सीएसके बॉलर मथीश पथिराना श्रीलंका लौटे

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार, 5 मई को घोषणा की कि उनके स्टार तेज गेंदबाज मथीश पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से रिकवरी के लिए श्रीलंका लौटेंगे। सीएसके ने जारी बयान में कहा, मथीश पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं और आगे की रिकवरी के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के जल्द रिकवर होने की कामना करती है।

### पथिराना ने 6 मैचों 13 विकेट लिए

मथीश पथिराना आईपीएल 2024 में 6 मैचों में 13 विकेट के साथ CSK के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान 14 विकेट के साथ टॉप पर हैं।

### पथिराना के साथ ही मुस्ताफिजुर भी बाहर

पथिराना के साथ ही मुस्तफिजुर रहमान भी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ नहीं होंगे, क्योंकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज स्वदेश लौट आए हैं। 2 जून से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लेंगे। मुस्तफिजुर और पथिराना घर लौट आए हैं, वहीं, CSK के वरिष्ठ तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग चोट के साथ कुछ समय के लिए बाहर हो गए हैं। दीपक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई में केवल 3 गेंदें ही फेंकी ।उरड के लिए रविवार को एक अच्छी खबर आई जब तुषार देशपांडे बॉलिंग अटैक में लौट आए हैं।



## ट्रैप निशानेबाज विवान फाइनल से चूके, शूट-ऑफ में हारे

**नई दिल्ली।** विवान कपूर टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कावर्ड-होली के साथ शूट-ऑफ में 2-3 से हार गए, क्योंकि कोई भी भारतीय ट्रैप निशानेबाज मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप बाकू, अजरबैजान में खिताबी दौर में नहीं पहुंच पाया। विवान ने क्वालीफिकेशन में 120 का स्कोर किया और छठे और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ'सुलिवान के अलावा कावर्ड-होली के साथ तीन-तरफा शूट-ऑफ में प्रवेश किया।

NAME CHANGED

I, SHAILA, W/o Mahendra Kumar Gupta resident at A 004 Ananda Bairavi Apartments, Hennur Main Road, Near Hennur Depo, PO Kalyan Nagar, Bangalore, Karnataka. Hereby give notice that I have changed my name from Shaila to Shaila Gupta. Henceforth, I shall be known as Shaila Gupta, Wife of Mahendra Kumar Gupta, for all purposes. Permanent Address A 173 Govind Puram Ghaziabad Uttar Pradesh India

# साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में दैनिक कार्यों के लिए भी खरीदना पड़ रहा बोतल बंद पानी

**इंदिरापुरम।** वैभव खंड स्थित साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगों की समस्या दूसरे दिन भी कम नहीं हुई। शनिवार को भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल सका। ऐसे में लोगों ने न केवल पीने बल्कि दैनिक कार्यों के लिए भी बोतलबंद पानी खरीदा। बिल्डर की लापरवाही से नाराज लोगों ने कहा कि रविवार को वह इस पूरे मामले में बैठक कर अग्रिम फैसला करेंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दूसरे दिन भी सोसायटी में जांच शिविर लगाया। सोसायटी के लोगों ने कहा कि दूषित पानी की वजह से कई लोगों ने आरओ मशीन खराब हो गए हैं। इससे इनकी और परेशानी बढ़ गई। पानी न मिलने से शनिवार को बहुत से लोग दफ्तर भी नहीं जा सके। दिन भर लोग अपने काम काज छोड़ आस-पास से पानी की बोतलें लाते रहे। सोसायटी निवासी रेखा ने बताया कि उनके टावर में पानी नहीं मिला ऐसे में घरेलू कार्य के लिए भी बोतलबंद पानी मंगवाया। कई लोगों ने ऑनलाइन ऑडर्र कर पानी मंगवाया। सोसायटी के पास दुकान लगाने



वाले प्रदीप ने बताया कि शुक्रवार से दुकान पर एकाएक पानी की मांग बढ़ गई। दुकान में जो अतिरिक्त पानी की बोतल थी शनिवार की सुबह खत्म हो गई। लोग एक लीटर से पांच लीटर तक पानी की बोतल खरीद रहे हैं। शनिवार को दुकान खोलने के एक घंटे बाद ही पानी खत्म हो गया बाद में कुछ देर के लिए दुकान बंद कर पानी का स्टॉक लेकर आए। सोसायटी के पास की दुकानों में दोबारा मंगवानी पड़ी दवा और पानी वैभवखंड स्थित साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में पानी की समस्या से करीब 250 से अधिक लोग बीमार हुए हैं। बीमारी से राहत के लिए लोग शुक्रवार से लगातार सोसायटी के आस-पास के मेडिकल स्टोर से डीहाईड्रेशन की जरूरी दवा और बिसलेरी का पानी खरीद रहे हैं। मेडिकल स्टोर संचालक आलोक ने बताया कि शनिवार दोपहर सोसायटी के पास की दुकानों पर दवा का स्टॉक खत्म हो गया शनिवार को दोबारा दवाएं मंगवाई। सोसायटीवासी अनुपमा गुप्ता ने बताया कि वह अपने पड़ोसी के लिए जब पास के ही मेडिकल स्टोर इलेक्ट्रोल पावडर लेने पहुंची तो दुकानदार ने बताया कि स्टॉक खत्म है। करीब एक घंटे बाद दोबारा दुकान पर जाकर मैं जरूरी दवा और इलेक्ट्रोल पावडर लेकर आई। न केवल दवा बल्कि सोसायटी के पास की दुकानों से दो से पांच लीटर की बिसलेरी की बोतल भी खत्म हो गई। दुकानों से पानी न मिलने पर लोगों ने पानी का ऑनलाइन ऑर्डर किया। वहीं कई लोग पानी के लिए शिप्रा सनसिटी के बाजार पानी खरीदने पहुंचे।

### दूसरे दिन 60 से अधिक लोगों ने कराई जांच

सोसायटी में दूसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच शिविर लगाया, जिसमें 60 लोगों ने जांच कराई। सभी लोग पेट दर्द, डिहाईड्रेशन, उल्टी, दस्त की समस्या से परेशान थे। इंदिरापुरम पीएचसी प्रभारी डॉ. आकाश वत्स ने बताया कि सुबह 10 :30 से दोपहर 12 :30 बजे तक जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान बच्चे, महिला-पुरुष, बुजुर्ग सहित घरेलू सहायिकाओं ने शिविर में आकर जांच कराकर दवा ली है। वहीं, कई लोग निजी अस्पताल में जाकर जांच करा रहे हैं। वहीं बहुत से लोगों ने मेडिकल स्टोर से दवा ली जो बाद में जांच कराने आए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 55 लोगों को दवा दी गई थी वहीं शनिवार को 60 से अधिक लोगों ने जांच करा कर दवा ली है।

### पानी की समस्या पर आज होगी बैठक

सोसायटी में पानी की समस्या पर रविवार को लोग बैठक करेंगे। सोसायटी निवासी अंकुर ने बताया कि रविवार को सोसायटी के लोग दूषित पानी की समस्या पर बैठक करेंगे। सोसायटी के लोगों को कहना है कि बिल्डर से शिकायत करने के बाद भी केवल आश्वासन मिल रहा है। दूषित पानी की समस्या को दूर नहीं किया जा रहा है। बैठक में तय किया जाएगा कि सोसायटी में पानी व अन्य समस्याओं का समाधान क्या निकाला जाए।

### जीडीए की टीम ने किया निरीक्षण

सहायक अभियंता पीयूष सिंह ने शनिवार को साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की सोसायटी में जीडीए का सीवर और पाइपलाइन सही पाया गया। इस दौरान सोसायटी के रखरखाव टीम सहित जीडीए की टीम ने सोसायटी में आपूर्ति होने वाले गंगाजल को पिया। जिसमें सब ठीक रहा। उन्होंने बताया की निरीक्षण में पाया गया की कुछ दिन पहले सोसायटी के सीवर ओवरफ्लो की समस्या थी। जिसे बिल्डर को ठीक करना था, वह जीडीए का नहीं था। सहायक अभियंता ने बताया कि जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर वह सोसायटी में पहुंचे थे, लेकिन जीडीए की किसी भी लाइन में लीकेज नहीं पाई गई।

## संपत्ति विवाद में भाई की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** हिंडन विहार में दो मई की शाम हाजी मूसा की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में नंदग्राम पुलिस ने शनिवार को नामजद सगे भाइयों में से एक भाई अहसान को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपी ने संपत्ति के बंटवारे के विवाद में हत्या करने की बात कुबूल की है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि अहसान हिंडन विहार का ही रहने वाला है। तीन मई को हिंडन विहार निवासी शाहरुख खान ने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में अहसान ने बताया कि उनकी भोजपुर के गांव सैदपुर में पुस्तैनी जमीन, मकान व घेर है। जिसमें तीन और भाई इदरीश, बिल्लू व शेरू रहते हैं। गांव के मकान व घेर का बंटवारा नहीं हुआ है। वह और इनका भाई गुलजार उर्फ सुंदर गांव के मकान व घेर के हिस्से को बेचना चाहते थे। इसको लेकर उन्होंने कई बार हाजी मूसा से इस संबंध में बात की लेकिन वह हिस्सा बांटने को मना कर देता थे। तभी से हाजी मूसा को सबक सिखाने की ठान ली थी। इसके लिए उसने गुलजार उर्फ सुंदर से इस बारे में बात की। दो मई की शाम दोनों हाजी मूसा के पास गए और हिस्सा बंटवारा करने के लिए कहने लगे, तो हाजी मूसा ने बंटवारा करने से मना कर दिया। तभी गुलजार ने गुस्से से चाकू से हाजी मूसा पर कई वार कर दिए और वहां से दोनों भाग गए। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि गुलजार की तलाश की जा रही है।

## दहेज के लिए महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला

**लोनी करंट क्राइम।** दहेज में पांच लाख की नकदी और स्कार्पियों की मांग पूरी ना करने तथा बेटी को जन्म देने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जबकि उसके पति ने उसे तीन तलाक देकर पल्ला झाड लिया। पीडिता ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी की अशोक विहार कॉलोनी निवासी साजिद की बेटी नगमा की शादी 23 मार्च 2021 को लोनी के ही सैफी फार्म हाऊस में रहने वाले आरिफ से हुई थी। आरोप है कि ससुरालियां दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नही थे तथा नगमा पर मायके से पांच लाख की नकदी और स्कार्पियों कार लाने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती थी। जबकि उसके देवर उस पर गंदी नजर रखते थे। आरोप है कि नगमा ने बेटी को जन्म दिया तो ससुरालियां उसे ताना देने लगे और दोबारा गर्भ धारण




किया तो उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। आरोप है कि पति ने बीमारी की हालत में उसे तीन मार्च 2024 को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। चार मार्च को उसका पति अपने परिजनों के साथ उसके मायके वालों से बात करने के बहाने आया और उनके साथ मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीडिता ने पति आरिफ, जेठ यूनूस, आसिफ, आकिल, देवर आदिल, कामिल, हारुन, नदीम, तयेरा ससुर लतीफ, तयेरी सास शाहिदा के विरुद्ध लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## डिवाइडर से कूदा युवक, कार की टक्कर से गई जान

**गाजियाबाद/डासना।** वेव सिटी क्षेत्र में एनएच नौ पर सुंदरदीप कॉलेज के सामने शनिवार दोपहर एक युवक सड़क पार करते हुए डिवाइडर से कूद गया। इसी दौरान हापुड़ की ओर आ रही कार से टकरा गया। मौके पर एक युवक घायल का परिचित बताकर इलाज के नाम पर कार सवार से तीन हजार रुपये ले लिए और भाग गया। युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बुलंदशहर के बीबीनगर निवासी राहुल गर्ग पत्नी को दवाई दिलाने गाजियाबाद जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक एनएच नौ के डिवाइडर पर चढ़कर बिना देखे सुंदरदीप कॉलेज की तरफ कूद गया। इस दौरान राहुल की कार से टकरा गया। राहुल रुके तो मौके पर एक युवक ने इलाज के नाम पर उनसे तीन हजार रुपये ले लिए। कुछ देर बाद वह वहां दिखाई नहीं दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

## 200 लोगों से दस करोड़ ठगे

**कौशांबी।** हैलो...मैं मनोज बोल रहा हूं। वीडियो लाइक का टास्क करने पर 40 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। हैलो...मैं सऊदी अरब से उस्मानुद्दीन बोल रहा हूं। आपके लिए 40 हजार रुपये वेतन की नौकरी है। कागजात तैयार कराने के लिए मेरे खाते में कुछ रकम डाल दो। कौशांबी पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों से इस तरह की ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। सभी फर्जी कंपनी बनाकर दो साल में 200 से अधिक लोगों से करीब 10 करोड़ की ठगी कर चुके हैं। इनसे सात मोहर, 10 फोन, एक टैब, 41 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, पांच चेक बुक, चार पहचान पत्र, चार आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, दो डीएल, एक कार बरामद की है। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड मनोज कुमार पुत्र महकार सिंह निवासी न्यू डिफेंस कालोनी मुरादनगर है। उसके गिरोह में आकाश त्यागी पुत्र नरेश त्यागी निवासी न्यू डिफेंस कालोनी मुरादनगर, अमरेश कुमार सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी धुनेला सोहना रोड गुरुग्राम हरियाणा, नमन जैन पुत्र नीरज जैन निवासी बंजारन कस्बा नकुड़ सहारनपुर, हाल पता आदित्य वर्ल्ड वेव सिटी और नितिश शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा निवासी एफ ब्लॉक नंदग्राम हैं। पूछताछ में मनोज ने बताया कि ये लोगों को यूट्यूब पर वीडियो लाइक कर पैसे कमाने, विदेश में नौकरी, अलग-अलग तरह के प्रीपेड टास्क में निवेश करने पर मुनाफा कमाने का झांसा देकर जाल में फंसाते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि दो साल में गिरोह ने दिल्ली-एनसीआर में 10 से 15 फर्जी कंपनी बनाई थी। इसमें दूसरे लोगों को दस से 20 हजार का कमीशन देकर उनके कागजात पर खुद कंपनी के निदेशक बन जाते थे। मनोज इतना शातिर था कि उसने कभी भी कंपनी को ऐसे सामान के साथ पंजीकृत नहीं कराया था, जो देश से बाहर जाता हो या बेहद जरूरत का था। ठगी की रकम का 60 प्रतिशत मनोज अपने पास रखता था और 40 प्रतिशत दूसरे सदस्यों में बांटता था।

## मारपीट और पथराव के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**लोनी करंट क्राइम।** राहुल गार्डन कॉलोनी में शनिवार रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और पथराव के मामले में लोनी बार्डर चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्षों के विरुद्ध 147,149,188,323,504, 506,336,427 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गौरतलब है कि लोनी बार्डर थाने की राहुल गार्डन कॉलोनी में नरेन्द्र के खेत में वीरेन्द्र और विक्रम वाहनों की पार्किंग चलाते हैं। जबकि उसी खेत के आधे भाग में बटेश्वर दयाल का पुराने कपडों का गोदाम हैं। शनिवार रात कपडा चोरी को लेकर विक्रम और बटेश्वर दयाल में कहासुनी हो गई थी। जिसने संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी और उनके समर्थन में आए लोगों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की तथा जमकर पथराव किया।



जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हुए तथा वहां खडे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि इस मामले में लोनी बार्डर चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पांडेय ने प्रथम पक्ष के वीरेन्द्र और विक्रम तथा दूसरे पक्ष के रोधश्याम, रिंकू , राहुल, अनुज, अमन सिंह, आनन्द, अशीष कुमार, गोपाल, बटेश्वर दयाल और अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। दोनों पक्षों के छह लोग हिरासत में लिए गए हैं, उनके विरुद्ध 151 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## कूलर नहीं लाने पर पति से हुआ पत्नी का विवाद

गाजियाबाद। गाजियाबाद में भीषण गर्मी होने के चलते पत्नी मोनिका ने पति जयभूषण से कूलर लाने के लिए कहा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। नाराज मोनिका ने रविवार सुबह चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के ही छोटे भाइयों ने यह देखकर शोर मचाया और उसे फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मोनिका मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। शुरूआती जांच में सामने आया कि मोनिका पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहते हैं। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी रहता है। जयभूषण मजदूरी करता है। उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है। मोनिका कमरे में काफी गर्मी होने की बात कहकर जयभूषण से कई दिनों से कूलर लाने की कह रही थी। जयभूषण ने कुछ दिनों में कूलर की व्यवस्था करने के लिए कहा था। इसी बात पर रविवार सुबह दोनों के बीच झगड़ा हुआ और वह बाहर चला गया।




## जो थे कभी बहुत खास, आजकल हैं वो उदास



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों एक थ्री-स्टार की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लंबे समय तक एक खास ऑफिस से जुड़े रहने वाले थ्री-स्टार बीते कुछ दिनों से लाइन का मुंह देख रहे हैं। अब कमिश्नरेट में चर्चा यह है कि इतने लंबे समय तक खास ऑफिस से अटैचमेंट रखने वाले थ्री-स्टार ने ऐसा क्या किया जो सीधे लाइन का रास्ता दिखा दिया गया था। सुनने में आया है कि जब उनको लाइन वाला रास्ता दिखाया गया तो उन्होंने कमिश्नरेट वाले एक साहब के ऑफिस में दस्तक दी थी लेकिन वहां भी शायद कुछ राहत नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि साहब के आने से लेकर कार्रवाई होने तक वह रात के सबसे परफेक्ट कर्मचारी माने जाते थे। अचानक उनको लाइन वाला रास्ता दिखाए जाने की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट में थम नहीं रही है। कोई बता रहा है कि उनका मामला सार्वजनिक हो गया था। तो कोई कह रहा है कि उनको लाइन से साइड लाइन इसलिए किया गया है कि कोई तमन्ना दिल में ना उभर आए। अब थ्री-स्टार ने कौन सा गुनाह किया जो सजा मिली है, यह तो अभी साफ नहीं है। पर जिस तरीके से चर्चा वाली टीआरपी में वह हाई चल रहे हैं इसको लेकर जमकर कानाफूसी हो रही है। उधर कहने वाले कह रहे हैं कि एक और थ्री-स्टार भी ऐसे हैं जो सिटी से लेकर नदियापार और नदियापार के बाद देहात में अपनी आक्रामक पारी खेल रहे थे। कई आईपीएस अधिकारी उनकी फोन लिस्ट में रहते हैं। पूरब से लेकर बिहार वालों के वह खास माने जाते हैं पर इन दिनों लाइन वाले सूत्र बता रहे हैं कि मामला उनका भी आजकल टाइट चल रहा है। सुनने में आया है कि वो जून खत्म होने का वेट कर रहे हैं, पर लग नहीं रहा है कि जून के बाद भी उनका एक्शन मोड हो पाएगा। वैसे भी कमिश्नरेट में आदेशों की अवहेलना किसी के बस की बात नहीं है। साहब के आगे सब स्मॉल हो जाते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में जून के बाद देखना होगा कि कौन से जोन और सर्किल में बदलाव वाली हवा चलेगी और कौन जून की गर्मी और तपिश को झेल पाएगा। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि तबादले वाली लिस्ट का ट्वीट जून वाले मन्थ के बाद ही आएगा। देखना होगा जून तक किस-किस थ्री-स्टार और टू-स्टार को कमिश्नरेट वाला करंट झेलना पड़ता है।

## छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव असालतनगर में बीबीए में फेल होने पर एक छात्रा ने फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा है। परिजनों का रो रोकर बुरा हॉल है। गांव असालतनगर निवासी विनोद कुमार परिवार सहित रहते है। उनकी 19 वर्षीय पुत्री दिव्या बीबीए की छात्रा है। पिछले दिनों बीबीए का छात्र परीक्षा घोषित हुआ था। जिसमें वह फेल गई थी। फेल होने के बाद से ही छात्रा डिप्रेशन में चल रही थी। दोपहर साढे ग्यारह बजे वह अपने कमरे में गई। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने खिड़की में देखा तो वह फंखे से लटकी हुई थी। दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया और तुरन्त आईटीएस ले गए। हालात



गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर कर दिया। गाजियाबाद के अस्पताल में छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

## दहेज की मांग, महिला को छत से फेंकने का आरोप

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव काकड़ा में दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को छत से फेंकने का मामला सामने आया है। महिला की हालात गंभीर बनी हुई है। महिला ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी डोली की शादी दो साल पहले गांव काकड़ा निवासी एक युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादीके बाद से ही कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किए जाने लगा। काफ समय से दहेज की मांग की जा रही थी। महिला का आरोप है कि पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मुझे छत से नीचे धक्का दे



दिया। जिस कारण मुझे काफी चोट लगी है। महिला ने अपने पति ,सास ,ससुर व ननद के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## ट्रक की चपेट में आकर पार्किंग संचालक की मौत

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गांव मिल्क दुहाई स्थित पार्किंग स्थल परिसर में चारपाई पर सो रहे संचालक को ट्रक ने कुचल दिया। जिस कारण उनकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मिल्क दुहाई निवासी 55 वर्षीय सुखवीर सिंह दिल्ली मेरठ मार्ग पर पार्किग का संचालन करते है। उनकी पार्किग में दूर से आने वाले ट्रक ,डंफर ,कैंटर व अन्य वाहन खडे होते है। देर रात सुखवीर सिंह पार्किग स्थल परिसार में चारपाई पर सो रही थी। इसी बीच चालक को जैसे ही ट्रक को यूटर्न लिया तो उसकी चपेट में चारपाई आ गई। इस हादसे में सुखवीर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। तुरन्त उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया,लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। वहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## कातिलाना हमले के तीन आरोपी पिस्टल सहित गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने केंटीन पर युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में तीन आरोपियों को पिस्टल तथा दो चाकूओं के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीडित युवक की केंटीन पर खाना खाते समय आरोपियों से कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपियों ने उसे पिस्टल से गोलियां मारकर घायल कर दिया था। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को दिल्ली की अमर कॉलोनी निवासी सुनीता ने लोनी की पंचवटी कॉलोनी निवासी निखिल और उसके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होने उसके बेटे गौरव को गोलियां मारकर घायल कर दिया था। एसीपी ने बताया कि गौरव और उसके साथी जागरण में काम करते थे। 29 अप्रैल की रात जागरण से आने के बाद गौरव अपने साथियों के साथ लोनी बार्डर की एक कैंटीन पर खाना खा खाने चला गया। जिसमें गौरव की एक महिला मित्र भी थी। जबकि आरोपी निखिल भी अपने साथी पूरन के साथ वहां खाना खा रहा था। दोनों मजाकिया लहजे में एक दूसरे को गाली दे रहे थे। जिस पर गौरव ने अचानक पूरन को थप्पड मार दिया था। जिसके बाद निखिल अपने साथी दीपक उर्फ भवानी को बुलाकर ले आया। दीपक ने अपनी पिस्टल से गौरव को गोलियां मारकर घायल कर दिया था। जिसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए थे।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और सर्विलांस के माध्यम से मामले की छानबीन करने के बाद निखिल, पूरन और दीपक उर्फ भवानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दीपक के कब्जे से 32 बोर का एक देशी पिस्टल तथा निखिल और पूरन के कब्जे से एक एक चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ में दीपक ने बताया कि उसने यह पिस्टल कई वर्ष पूर्व नंदनगरी दिल्ली में एक राह चलते युवक से 10 हजार रुपए में खरीदी थी। जिसको वह साथियों पर रोब गालिब करने के लिए अपने साथ रखता था।

## लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए 509 पुलिस कर्मी रवाना हुए

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में होने वाले बदायूं चुनाव के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। वहीं चुनाव ड्यूटी को लेकर जिले से पुलिस कर्मी पुलिस लाइन परिसर से रोडवेज की बसों में सवार होकर 509 पुलिसकर्मी बदायूं के लिए रवाना हुए। एसपी व एएसपी ने पुलिस लाइन से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।



### पुलिस बल की पाटीर्वार की ब्रीफिंग

दरअसल, जिले के एसपी अभिषेक वर्मा ने लोकसभा संपन्न कराने के लिए रवाना होने वाले पुलिस बल की पाटीर्वार ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान अगर किसी भी बूथ पर किसी तरह का विवाद होने की संभावना हो तो संबंधित अधिकारियों व टीम इंचार्ज को तुरंत सूचना दें। ताकि, स्थिति पर समय रहते काबू पाया जा सके। चुनाव हर हाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक हो तथा प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव अथवा भय के अपना मत स्वेच्छा से डाल सकें, यह सुनिश्चित किया जाये। पुलिसकर्मियों को नियमों और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने का आदेश दिए।

### रोडवेज बसों में हुए रवाना

वहीं एसपी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को ब्रीफिंग कर पुलिस लाइन परिसर से रोडवेज की बसों में सवार होकर 509 पुलिसकर्मी बदायूं के लिए रवाना हो गए है। इस दौरान एसपी अभिषेक वरना व एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने पुलिस लाइन से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।

## प्रेमी युगल ने किया सुसाइड: पड़ोसी थे दोनों

**पिलखुवा।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव पबला में प्रेमी युगल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर जीवन लीला खत्म कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युगल के शवों को कब्जों में लेकर पोस्टमार्टम को मोर्चरी भेजा है। परिजनों ने अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि युवक और युवती कि मौत कि जानकारी मिली है। मौके पर जाकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।




### शादी बनी बवाल, मौत को लगाया गले

पुलिस के मुताबिक गांव पबला निवासी युवती का पड़ोसी के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन युवक के परिजनों द्वारा उसकी दूसरी जगह शादी तय कर दी। युवती ने कक्षा 12वीं पास करने के उपरांत पढ़ाई छोड़ दी थी और युवक मजदूरी करता है। दोनों पड़ोसी होने के साथ एक ही जाति के थे। पुलिस ने बताया कि इसी के चलते शनिवार की देर रात दोनों ने अपने-अपने घर पर जहरीले पदार्थ खा लिया। परिजनों ने युवती को जीएस और युवक को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चोरी की स्कूटी-बाइक के साथ चार वाहन चोर गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाने की पुलिस ने रविवार को रजनीश तथा आमिर को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद स्कूटी दिल्ली से चोरी की गई थी। आरोपी चोरी के वाहनों को फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सस्ते दामों पर बेच देते थे अथवा कबाडी को कटवा देते थे। जबकि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बेहटा पुलिया के पास से योगेश और विकास वाहन चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पैशन प्रो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी भास्कर ने बताया चोरों के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल गाजियाबाद के कवि नगर इलाके से चुराई गई थी जो बरामद हो गई है।

# ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हुई

## 67 लोग अब भी लापता; 32 हजार विस्थापित







**सोओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से सटे राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि 67 लोग अब भी लापता हैं। 32 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। तूफान ने राज्य के 497 शहरों में से दो तिहाई को प्रभावित किया। बाढ़ ने कई क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को नष्ट कर दिया।

भूस्खलन के कारण एक छोटे पनबिजली संयंत्र में बांध को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। अधिकारियों ने कहा कि बेंटो गोंसाल्वेस शहर में एक दूसरे बांध के भी ढहने का खतरा है।

रियो ग्रांडे डो सुल की राजधानी पोर्टो एलेग्रे में गुइबा झील में पानी बढ़ गया, जिससे वह बाढ़ के रूप में सड़कों पर आ गई। पोर्टो एलेग्रे के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानों को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। राज्य के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले छत्तीस घंटों में रियो ग्रांडे डो सुल के उत्तरी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। हालांकि बारिश की मात्रा में गिरावट आ रही है।

# गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद अब फ्रांस, जर्मनी, कनाडा आदि देशों में भी विरोध प्रदर्शन

**यरुशलम।** हमास और इस्त्राइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्त्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद कई और देशों में गुस्सा भड़क गया है।

**अमेरिका में सबसे पहले हुआ विरोध-प्रदर्शन :** गाजा के लोगों की हालत को लेकर सबसे पहले अमेरिका के छात्रों ने आवाज उठाई। उन्होंने इस्त्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। 17 अप्रैल से लेकर अबतक कम से कम यहां के 40 विश्वविद्यालय परिसरों में प्रदर्शनकारी एकत्र हो चुके हैं।

**फ्रांस के इन कॉलेजों तक भड़की आग :** पुलिस ने शुक्रवार को देश के शीर्ष पॉलिटिकल साइंस स्कूल साइंस पो में फलस्तीनियों के समर्थन में उतरे प्रदर्शनकारियों को जबरदस्ती हटाया। इतना ही नहीं, पुलिस ने यहां करीब 91 लोगों को गिरफ्तार भी किया।




**जर्मनी में फलस्तीनियों का समर्थन :** यहां भी इस्त्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। शुक्रवार को मध्य बर्लिन में हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर लोगों को वहां से हटाने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि पहले इन लोगों को चेतावनी दी गई, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने हटने से मना कर दिया, तब जबरदस्ती इन लोगों को हटाया गया।

**कनाडा में भी विरोध-प्रदर्शन :** छात्रों ने मॉन्ट्रियल, ओटावा, टोरंटो और वैंकूवर सहित कई शहरों में गाजा में हो रहे युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। पुलिस की चेतावनी के बाद भी मॉन्ट्रियल के मैकगिल विश्वविद्यालय में हो रहे विरोध-प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल हुए। उन्होंने तब तक यहां रहने की कसम खाई है जब तक मैकगिल इस्त्राइल के साथ सभी वित्तीय और शैक्षणिक संबंधों को खत्म नहीं कर देता।

**ऑस्ट्रेलिया में समर्थकों ने लहराए झंडे :** सैकड़ों समर्थकों ने शुक्रवार को सिडनी विश्वविद्यालय में नारेबाजी की और झंडे लहराए। यहां थोड़ी बहुत बहस के बीच विरोध शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। संघर्ष विराम समर्थक प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालय के सामने एक हरे लॉन में 10 दिनों से डेरा डाले हुए हैं। वे चाहते हैं कि यह इस्त्राइल संस्थानों के साथ संबंधों को खत्म करे और हथियार कंपनियों से धन को दे।

**आयरलैंड में भी विरोध-प्रदर्शन:** ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन विश्वविद्यालय में छात्रों ने शुक्रवार को फलस्तीनी समर्थक विरोध-प्रदर्शन किया।

**मैक्सिको में लगे फ्री फलस्तीन के नारे :** देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय यूएनएएम के दर्जनों छात्रों ने गुरुवार को राजधानी में एक शिविर लगाया। प्रदर्शनकारियों ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

**स्विट्जरलैंड में सैकड़ों लोग कर रहे विरोध :** लुसाने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सैकड़ों छात्रों ने विरोध किया। धरने पर बैठे करीब 100 लोगों ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान किया।



# 'ऐसे संघर्ष विराम पर सहमत नहीं, जिससे गाजा में युद्ध समाप्त न हो', हमास की चेतावनी

**यरुशलम।** हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनका संगठन किसी भी परिस्थिति में ऐसे संघर्ष विराम समझौते के लिए सहमत नहीं होगा, जिसमें गाजा युद्ध का पूर्ण अंत शामिल न हो। इसी के साथ उसने संघर्ष विराम के लिए इस्त्राइल के प्रयास की निंदा की।



### हमास समझौते के लिए सहमत नहीं

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हमास किसी भी परिस्थिति में ऐसे समझौते के लिए सहमत नहीं होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से गाजा में युद्ध की समाप्ति शामिल न हो। युद्ध की पूर्ण समाप्ति और गाजा से कब्जा हटाए बिना कोई समझौता नहीं होगा।

इससे पहले शनिवार को इस्त्राइल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि हमास की तरफ से युद्ध के अंत की मांग को न छोड़ना इस समझौते की राह में रोड़ा बन रहा है। इस्त्राइली अधिकारी ने आगे कहा कि इस्त्राइल तभी काहिरा में अपना प्रतिनिधिमंडल भेजेगा, जब उसे बंधकों की रिहाई के लिए हमास की तरफ से सकारात्मक प्रयास दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि हमास की तरफ से ऐसा कुछ नहीं किया गया है।

ब्रिटेन की तरफ से जारी विवरण के अनुसार, अमेरिका, मिस्त्र और कतर; हमास के उस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें 40 दिनों तक संघर्ष पर विराम लगाए जाने की बात कही गई है। इसमें इस्त्राइली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों के बदले बंधकों की अदला-बदली भी शामिल है।

हमास के अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव में एक स्पष्ट प्रावधान शामिल हो, जिसमें गाजा में पूर्ण युद्धविराम की बात कही जाए।

हालांकि इस्त्राइल अभी तक इसके लिए तैयार नहीं है। उसने आगे बताया कि समझौते में मुख्य बाधा इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणी गाजा शहर राफा में जमीनी सेना भेजने की जिद है।

# भारतीय छात्रों के साथ भारत के राजदूत ने की चर्चा

### चीनी वीजा प्रतिबंधों पर हुई बातचीत

**बीजिंग।** चीन में भारतीय दूतावास ने कोविड काल के बाद भारतीय छात्रों के साथ पहला इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। खास बात यह है कि ये वह छात्र हैं, जो चीन के वीजा प्रतिबंधों के कारण तीन साल की कोविड-19 अवधि के दौरान सबसे अधिक परेशान हुए। छात्रों का कहना है कि प्रतिबंधों के कारण उनकी शैक्षणिक अवधि कई वर्षों तक बढ़ गई।

दूतावास ने एक्स पर ट्वीट करते हुए बताया कि चार मई को ह्यस्वागत और संवाद समारोहह्ल आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में 13 से अधिक चीनी विश्वविद्यालयों के लगभग 80 पुराने और नए छात्र शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और काउंसलर नितिनजीत सिंह ने छात्रों की शिकायतें और उनका अनुभव सुना। बैठक में द्वितीय सचिव (शिक्षा) अमित शर्मा भी शामिल थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2020 की शुरूआत में चीन में 23 हजार से अधिक भारतीय छात्र चीनी विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। इसमें अधिकतर छात्र डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे हैं। अब यह संख्या पूरे चीन में कथित रूप से घटकर लगभग 10,000 रह गई है। भारतीय छात्रों के लिए चीनी विश्वविद्यालय चिकित्सा के लिए पसंदीदा था क्योंकि भारत में निजी मेडिकल कॉलेज में अत्यधिक शुल्क है।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन



### ताइवान की सीमा के पास फिर भेजे सैन्य विमान

**ताइपे।** ताइवान की सीमा के करीब शनिवार और रविवार लगातार दो दिन सुबह-सुबह सात चीनी सैन्य विमान और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सात चीनी सैन्य विमानों में से एक ने ताइवान जलडमरूमध्य को पार किया और ताइवान के दक्षिण पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। चीन की तरफ से इस कार्रवाई के जवाब में ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी करते हुए क्षेत्र में लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, ₹आज सुबह छह बजे सात पीएलए विमान और पांच पीएलएएन जहाजों को ताइवान की सीमा पर देखा गया। उनमें से एक विमान ताइवान जलडमरूमध्य को पार करते हुए ताइवान के दक्षिण पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गया। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी करते हुए इस कार्रवाई का जवाब दिया।

# नाइट आउट पर निकलीं सांसद का यौन उत्पीड़न

### इंस्टाग्राम पर खुद बताई पूरी घटना, पुलिस कर रही जांच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड की सांसद ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि एक नाइट आउट के दौरान उन्हें नशीला पदार्थ खिलाकर, उनके साथ यौन शोषण किया गया था। सहायक स्वास्थ्य मंत्री ब्रिटनी लौगा ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र येप्पून में शाम के समय उनके ऊपर हमला किया गया था।



उन्होंने कहा, ₹ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। दुखद बात यह है कि यह हममें से कई लोगों के साथ होता है।₹ 37 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई सांसद 28 अप्रैल को पहले पुलिस के पास गई और फिर वहां से अस्पताल पहुंचीं। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम पोस्ट पर किया घटना का जिक्र

ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, ₹अस्पताल में कराए गए टेस्ट में पता चला कि मुझे ड्रग्स दिया गया था।₹ उन्होंने आगे बताया कि इस ड्रग्स ने उनके शरीर को प्रभावित किया था। इतना ही नहीं, जो भी महिलाएं उनके संपर्क में आईं, उन सभी को ड्रग्स दिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने कहा, ₹यह ठीक नहीं है। हम ड्रग्स दिए जाने और हमले के डर के बिना अपने शहर में मेलजोल बढ़ाने का साहस रख सकें।₹ पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर येप्पून में मामले की जांच की जा रही है।

# भारतीयों की गिरफ्तारी पर बोले ट्रूडो, कनाडा कानून के शासन वाला देश

**ओटावा।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी बनी हुई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है।



### ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध हो गए थे तनावपूर्ण

पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी 45 वर्षीय निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि ये टिप्पणियां कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा की दी गई राजनीतिक जगह को दिखाती है।



### इन लोगों को किया गिरफ्तार

बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

**कानून के शासन वाला देश :** ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, 'यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है।'

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी। साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध

कनाडा पुलिस के अनुसार इन तीनों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के ग्रुप से है। करण बराड़ लगभग साढ़े चार साल पहले 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है। 18 अप्रैल को ही उसके पिता मनदीप सिंह बराड़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसकी माता रमनदीप बराड़ लगभग डेढ़ साल पहले सिंगापुर चली गई थी। करण बराड़ अपने पिता की मौत पर भी नहीं आया था। अब घर में सिर्फ उसके दादा बलवीर सिंह बराड़ हैं।

बलवीर सिंह बराड़ ने बताया था कि यहां पर उनका पोता बहुत ही शरीफ और समझदार था। वहां जाकर क्या हुआ क्या नहीं इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता।

# हमास-इस्त्राइल जंग : उत्तरी गाजा पर मंडरा रहा पूर्ण अकाल का खतरा







## संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की चेतावनी

**वाशिंगटन।** हमास और इस्त्राइल के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने संघर्ष विराम का आह्वान किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, हम निरंतर युद्ध विराम और गाजा में सुरक्षित प्रवेश के लिए निर्बाध पहुंच के लिए विभिन्न क्रॉसिंग को खोलने की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी गाजा में मदद प्रदान करने वाले कई समूहों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा





कि गाजा पट्टी में भोजन की उपलब्धता में मामूली सुधार हुआ है। लेकिन 2.4 लाख फलस्तीनियों के घर पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। इस्त्राइल ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी सगंठनों पर जल्दी से मदद वितरित न करने का आरोप लगाया है।

उधर, इस्त्राइली सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान पांच फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने उत्तरी शहर तुलकेरम के पास देर अल-घुसुन गांव में भारी सैन्य तैनाती देखी। फोटोग्राफर ने बताया कि सैनिकों ने एक इमारत को समतल करने के लिए बुलडोजर तैनात किया और मलबे में एक शव बाहर निकाला। सेना और खुफिया एजेंसी शिन बेट ने एक साझा बयान में कहा कि इस्त्राइल बलों ने तुलकेरम क्षेत्र में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान एक इमारत में पांच फलस्तीना आतंकवादियों को मार गिराया।

दक्षिण इस्त्राइल पर पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने हमला किया था। इस दौरान 1170 लोग मारे गए थे। जबकि करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया गया था। इनमें से 128 अभी भी बंधकों के कब्जे में हैं। जिनमें 35 मृत माने जा रहे हैं। इसके बाद इस्त्राइल ने युद्ध का एलान किया था। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्त्राइल के जवाबी अभियान में गाजा में कम से कम 34,622 लोगों की जान जा चुकी है। जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।

# हाथरस में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौहान ने किया जनसंपर्क

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिम क्षेत्र प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने रविवार को हाथरस में भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि के लिए जनसंपर्क किया। वाल्मीकि समाज में बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष बार-बार एक ही बात को मुद्दा बनता है कि मोदी सरकार संविधान को बदलना चाहती है।

इस संबंध में आप सबको विस्तार से बताना चाहता हूं कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान लिखा और 1950 में संविधान लागू हुआ। जब संविधान लिखा गया, तब भी कांग्रेस की सरकार थी और जब संविधान लागू हुआ, तब भी कांग्रेस की सरकार थी। सन् 1952 के बाद बाबा साहब को दो बार लोकसभा का चुनाव हराने का काम कांग्रेस ने किया। जब डॉक्टर अंबेडकर महिला कोर्ट बनाना चाहते थे तो कांग्रेस ने उसका सदन में और सदन के बाद भी विरोध किया।

डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न देने का काम पंडित अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने किया था। डॉ. अंबेडकर को अपना आदर्श और सही मायने में अपना नेता नरेंद्र मोदी ने माना। मोदी ने कहा था कि अगर डॉक्टर अंबेडकर ना होते तो आज नरेंद्र मोदी यहां ना होता। डॉक्टर अंबेडकर के पंच तीर्थ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बनाए थे।




### विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं

**करंट क्राइम।** डॉ. अंबेडकर के नाम पर हजारों योजनाएं सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने बनाई थीं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विकास कमजोर और खत्म होने के कगार पर है इसलिए वह भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करना चाहता है। दलितों को भड़काकर वह अपने पक्ष में करना चाहता है। दलित समाज सब चीजों को समझने लगा है। वह कांग्रेस के चक्कर में कभी नहीं आएगा। वह तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को ही अपना प्रधानमंत्री बनाएंगे। आप सब लोगों से आह्वान है कि आने वाली 7 तारीख को सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर अनूप बाल्मीकि को जीतने का कष्ट करें।

### वाल्मीकि समाज अपनी सीट न छोड़े : भाजपा नेता

**करंट क्राइम।** यह सीट शुरू से ही वाल्मीकि समाज के पास रही है और इस बार भी वाल्मीकि समाज के पास रहनी चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की निगरानी समिति के सदस्य प्रदीप गहलोत भाजपा नेता गौरव वाल्मीकि भाजपा नेता डब्बू वाल्मीकि सफाई मजदूर के नेता बिल्लू चौहान, सुनील चौहान जॉनी वाल्मीकि आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद नई का नगला बेसन वाला मधुगदी पदमपुर इत्यादि स्थानों पर जनसंपर्क करते हुए दो-दूर वोट मांगने का काम किया गया। प्रदीप चौहान वाल्मीकि क्षेत्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी पश्चिम क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तर प्रदेश वहां उपस्थित महासभा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन समारोह भी किया गया।

# गाजियाबाद में दूषित पानी से नहाने पर 40 से ज्यादा लोगों को 'हॉट टब रैश'

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में दूषित पानी पीने के साथ लोग नहाने से भी बीमार हुए हैं। अब लोगों में हॉट टब रैश के लक्षण सामने आ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या 40 से ज्यादा है। इससे त्वचा पर लाल चकत्ते बन जाते हैं। यह बीमारी लंबे समय तक यूजीआर की सफाई नहीं होने से होती है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोसायटी में स्वास्थ्य शिविर लगाया। सुबह 10 से दोपहर दो बजे 39 लोग उपचार के लिए पहुंचे। इनमें ज्यादा मरीजों को उल्टी, पेट में दर्द, दस्त, सिर दर्द की समस्या थी। एक मरीज के शरीर पर लाल चकत्ते, दाने और खुजली की समस्या मिली है।

### त्वचा पर होती है खुजली

लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में 40 से ज्यादा लोगों को ऐसी बीमारी हुई है। हॉट टब रैश से त्वचा पर खुजली होती है। रात में ठीक से नींद नहीं आती है। वहीं, शनिवार तक पानी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच रिपोर्ट घटना वाले दिन ही आनी चाहिए थी।

जांच रिपोर्ट में देरी होने के कारण वह बाहर का पानी खरीद रहे हैं। लोग इस पानी से नहाने के साथ पकड़े और बर्तन भी नहीं धो पा रहे हैं। शिविर में उपस्थित डॉ. स्मृति शर्मा ने बताया कि एक मरीज त्वचा रोग का आया था। उसे दवा और परामर्श दिया था।

इंदिरापुरम की साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में शुक्रवार को 200 से ज्यादा लोग दूषित पानी पीने से बीमार हो गए थे। इनमें 110 बच्चे शामिल थे। कुछ बच्चे अस्पताल में भर्ती कराने पड़े थे। लोगों का आरोप है कि अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) की सफाई नहीं होती है। बेसमेंट में सीवर का पानी भरा है। सीवर का पानी पेयजल में मिल गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सोसायटी से पानी के 15 नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए थे। लोगों को तीन दिन से पेट दर्द, उल्टी, जी मिचलाना, सिर दर्द आदि की शिकायत थी। विरोध में लोगों हंगामा किया था।



*''जब तक सभी लोगों का स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा हमारी सोसायटी में शिविर लगाएगी। पानी के नमूने की जांच रिपोर्ट रविवार को आ जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। जीडीए को जांच रिपोर्ट भेजी जाएगी।''*
-डॉ. भवतोष शंखधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

### जीडीए बना मूकदर्शक

सोसायटी में गंगाजल की आपूर्ति की जाती है। गंगाजल की आपूर्ति करने का जिम्मा जीडीए के पास है। घटना के दूसरे दिन भी जीडीए का कोई अधिकारी सोसायटी में निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि जीडीए के अधिकारी मूकदर्शक बन गए हैं। जीडीए के अधिशासी अभियंता आलोक रंजन ने बताया कि यह सोसायटी व बिल्डर के बीच का मामला है। स्वास्थ्य विभाग पानी की जांच रिपोर्ट देगा। उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 'जश्ने अलविदा' एवं 'आईटीएस उत्कृष्टता पुरस्कार 2023-24' आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर गाजियाबाद द्वारा पीजीडीएम सत्र (2022-24) के छात्रों के लिए विदाई समारोह 'जश्ने अलविदा' का आयोजन संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में शनिवार को अपराह्न 4 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. तिमिरा शुक्ला, इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ. वीएन वाजपेई एवं पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल द्वारा परंपरागत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

### डॉ. तिमिरा शुक्ला ने वरिष्ठ छात्रों की सराहना की

सर्वप्रथम डॉ. तिमिरा शुक्ला, निदेशक आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने सभी उत्कृष्टता पुरस्कार विजेताओं को उपलब्धियों के लिए बधाई दी और अपने आसपास की स्थिति के बावजूद जिम्मेदारियों को सुचारु रूप से निभाने और अपने कनिष्ठों के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित करने के लिए वरिष्ठ छात्रों की सराहना की। डॉ. वीएन बाजपेई ने इस अवसर पर विषम परिस्थितियों को अपने अनुरूप बनाकर विजयी बनने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। पीजीडीएम की चेयर पर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें विभिन्न करियर और क्षेत्रों में सफलता की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर 2023-24 सत्र के छात्र एवं छात्राओं को आईटीएस उत्कृष्टता पुरस्कार (एक्सेलन्स अवार्ड) अकादमिक उत्कृष्टता, सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व, स्टार कलाकार, सर्वश्रेष्ठ रंगोली, सर्वश्रेष्ठ क्लब और बैच के क्लब सदस्य की श्रेणी के तहत प्रदान किए गए और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं : डॉ. आरपी चड्ढा

इस अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने छात्रों को सफलता की उच्चतम सीढ़ियों पर पहुंचने हेतु प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रसन्नता जाहिर की।

### जूनियन छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**करंट क्राइम।** जूनियर छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, गीत-संगीत से भरपूर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। विभिन्न मापदण्डों और उपलब्धियों के आधार पर शिखर मिश्रा को मिस्टर फेयरवेल एवं सुंदरी तोमर को मिस फेयरवेल तथा नीतीश पराशर को मिस्टर पॉपुलर एवं सिमरन श्रीवास्तव को मिस पॉपुलर घोषित किया गया। एकल और समूह नृत्य और फैशन शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने संपूर्ण कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। सभी छात्र काफी उत्साहित और आनन्दित थे एवं अपनी विगत स्मृतियां एक- दूसरे से साझा कर रहे थे। अंत में हाई टी के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन एवं अभिभावकों का स्कूल प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देहरादून पब्लिक स्कूल सेक्टर 23 संजय नगर के बच्चों को जबरन बापूधाम ब्रांच में भेजने के मामले में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएसन एवं अभिभावकों द्वारा स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर विगत 25 दिनों से स्कूल के गेट पर दिए जा रहे धरने को जिला एवं महानगर समाजवादी पार्टी अपना पूर्ण समर्थन एवं सहयोग देती है। देहरादून पब्लिक स्कूल सेक्टर 23 संजय नगर गाजियाबाद छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहा है। अभिभावकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कार्य कर रहा है। स्कूल प्रबंधन की कार्य प्रणाली अनैतिक और अन्याय पूर्ण है। स्कूल का प्रबंधन तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए अभिभावकों की बिना सहमति के बच्चों को स्कूल की दूसरी ब्रांच बापूधाम में भेजने का कार्य कर रहा है, जो कि काफी दूर है।

### 25 दिनों से धरने पर बैठे अभिभावक न्याय की उम्मीद में...

**करंट क्राइम।** इस अन्यायपूर्ण कृत्य के विरोध में अभिभावक विगत 25 दिनों से स्कूल के बाहर न्याय की उम्मीद से धरने पर बैठने पर विवश हैं। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है इस अमानवीय, अनैतिक और नियम विरुद्ध स्कूल की कार्यवाही से जिला प्रशासन और जिले का शिक्षा विभाग मौन है। सत्ता पक्ष के दबाव में स्कूल के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है। समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, पैरेंट एसोसिएशन और अभिभावकों की न्यायपूर्ण मांग के साथ है। किसी भी दशा में बच्चों और अभिभावकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग करती है जल्द से जल्द पैरंट एसोसिएशन और अभिभावकों की जो भी मांगे हैं, उनका न्यायपूर्ण निपटारा स्कूल प्रबंधन के साथ बातचीत कर करने का कार्य करें। समाजवादी पार्टी पैरंट एसोसिएशन और अभिभावक के इस धरने का पूर्ण समर्थन करती है एवं सहयोग आश्वासन देती है। महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित सपा नेता सरफराज अहमद समाजवादी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आनंद चौधरी, समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय महासचिव अमन यादव, समाजवादी युवा जनसभा राष्ट्रीय सचिव संदीप यादव, जिला सचिव कृष्ण यादव, लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष विवेक त्यागी, ताहिर हुसैन, सभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह, आशु, अब्बासी, नितिन, त्यागी आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद आरआरटीएस पर मिलेगी इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज करने की सुविधा





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। अब यात्री अपने ई-वाहनों को साहिबाबाद स्टेशन पर लाकर आसानी से चार्ज कर सकेंगे। यह ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के गेट नंबर एक पर बनाया गया है। इस ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन पर विभिन्न प्रकार के ई-वाहनों को चार्ज करने की सुविधा है।

यात्रियों की सुविधा के लिए यहां वाहनों की चार्जिंग के लिए 3.3 किलोवाट की क्षमता वाली तीन धीमी चार्जिंग यूनिट और इसके साथ ही 30 किलोवाट की क्षमता वाली एक तेज चार्जिंग यूनिट लगाई गई है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए वाहन मालिकों को एक निर्धारित मोबाइल एप्लिकेशन का प्रयोग करना होगा, जिसमें वाहनों की चार्जिंग के दौरान उपयोग होने वाली विद्युत की खपत की मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। इसके साथ ही इस मोबाइल एप्लिकेशन में वाहन चार्जिंग में उपयोग हुई विद्युत की यूनिट के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करने की भी सुविधा होगी।

एनसीआरटीसी का यह कदम लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के कई उपायों में से एक है। इस स्टेशन पर यात्री अपने चौपहिया वाहनों को फास्ट चार्जिंग यूनिट पर महज एक घंटे में फुल चार्ज कर सकेंगे। वहीं धीमी चार्जिंग यूनिट पर चौपहिया वाहनों के चार्ज होने में लगभग 3 घंटे और दुपहिया वाहनों को लगभग डेढ़ घंटे का समय लगेगा। यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान अपने वाहनों को चार्जिंग पर लगा सकते हैं और वापसी पर अपने वाहन को फुल चार्ज के साथ घर ले जा सकेंगे। भविष्य में ईवी चार्जिंग सुविधाओं को आरआरटीएस के अन्य स्टेशनों गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नॉर्थ तक भी बढ़ाया जाएगा। इस विस्तार से न केवल आरआरटीएस यात्रियों को लाभ होगा, बल्कि स्थानीय निवासी भी इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।

# पार्क में खेल रही बच्ची पर कुत्तों का हमला

## ग्रेनो वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी की घटना, निवासियों में रोष



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में रविवार शाम लावारिस कुत्तों ने चार साल की बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन कुत्ते ने उसके पैर में काट लिया। इस घटना से बच्ची काफी सहम गई है। परिजनों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, घटना के बाद से निवासियों में रोष है। उन्होने प्राधिकरण व मेंटेनेंस टीम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सोसाइटी निवासी एसपी यादव ने बताया कि शाम के समय सोसाइटी की महिलाएं और बच्चे सेंट्रल पार्क में एकत्रित होते हैं। रविवार शाम टावर-20 में रहने वाले कुंजेश की पत्नी और 4 साल की बेटी पार्क में थे। तभी पांच लावारिस कुत्तों ने उनकी बेटी पर हमला कर दिया। बच्ची ने बचने की कोशिश की, लेकिन तब तक एक कुत्ते ने पैर में काट लिया। कुत्ते के काटने से गहरा जख्म हो गया। तभी अन्य लोग वहां पहुंच गए और उन्होंने कुत्तों को भगाया। निवासियों का आरोप है कि पूर्व में भी इस तरह की कई घटना हो चुकी है। तब भी प्राधिकरण और मेंटेनेंस टीम से कुत्तों का टीकाकरण कराने की मांग की थी, लेकिन कुछ नहीं किया गया। अब लावारिस कुत्तों की संख्या 10 से अधिक पहुंच गई है। कुत्तों के डर से बच्चे व बुजुर्ग बाहर निकलने से डरते हैं।

# मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण चल रहा है। तीसरे चरण में आगरा लोकसभा सीट से किस्मत आजमा रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल चुनावी मैदान में हैं। एसपी सिंह बघेल के आगरा वाले आवास पर मुलाकात करने के लिए गाजियाबाद से अनिल सांवरिया, राम अवतार जिंदल, अनिल गर्ग, राकेश जिंदल आपुलेनट मॉल, निर्मल विशाल पाइप ,प्रमोद गर्ग लोहे वाले पहुंचे थे। इस दौरान अनिल सांवरिया ने एसपी सिंह बघेल से मुलाकात करते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत मिलने की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी।

# कुनाल त्यागी ने जीडीए के समाधान एवं श्रमदान अभियान में लिया बढ़-चढ़ कर भाग

## जीडीए कर्मियों के साथ मिलकर की सफाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शहर की सुंदरता बढ़ाने और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। जिसकी शुरूआत रविवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा सुबह 5:30 बजे शुरू की गई। यह अभियान मधुबन बापूधाम योजना में सफाई हेतु समाधान और श्रमदान के नाम से किया गया। कार्यक्रम का स्थल मधुबन बापूधाम योजना का गोल चक्कर रहा। जिसमें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्राधिकरण में बाहरी एजेंसी से रूप में काम करने वाले कर्मचारी और ठेकेदारों को शामिल किया गया। जीडीए सचिव राकेश कुमार सिंह द्वारा बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर जीडीए के ठेकेदार कुनाल त्यागी ने भी श्रमदान और विकास प्राधिकरण की इस पहल में भागीदारी दी।



कुनाल त्यागी ने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लंबे समय बाद इस तरीके का आयोजन किया है। जो बहुत ही सराहनी है। इस मौके पर उन्होंने स्वेच्छा से सफाई एवं श्रमदान में भाग लेकर जीडीए द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योगदान भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिशासी अभियंता आलोक रंजन, जेई सुधीर पांडे सहित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करने वाले ठेकेदार और उनके कर्मचारी भी शामिल रहे।

## 2.20 कुंतल कॉपर की पत्ती/तार और कैंटर ट्रक बरामद

# विद्युत ट्रांसफार्मरों से कॉपर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मरों से कॉपर की पत्तियां और तार चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक कैंटर ट्रक रखते थे तथा दिल्ली एनसीआर के अलावा बुलंदशहर और मुजफ्फरनगर में आदि जनपदों में विद्युत ट्रांसफार्मरों से कॉपर की पत्तियां और तार चोरी करते थे। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गईं पत्तियां, तार और टाटा 709 कैंटर ट्रक बरामद हुआ है।

एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि शनिवार को लोनी थाने की अशोक विहार कॉलोनी में दिल्ली सहारनपुर रोड के किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर की पत्तियां और तार चोरी होने की सूचना मिली थी। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुल सन्नवर, नौशाद तथा चांद उर्फ फजलू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ट्रांसफार्मर से चोरी की गई दो कुंतल 20 किलो पत्ती ,तार, कटर, पेचकश, प्लाश आदि औजार तथा एक टाटा कैंटर ट्रक 709 बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह कैंटर ट्रक साथ रखते थे तथा दिल्ली एनसीआर के अलावा बुलंदशहर और मुजफ्फरनगर आदि जनपदों में विद्युत ट्रांसफार्मरों से कॉपर पत्ती तथा तार चुराकर बेचते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।



# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Baleshwar Tyagi
11h

महर्षि दयानन्द विद्यापीठ के कुछ बच्चों ने हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय नेहरू नगर के बुक बैंक से अपने अध्ययन के लिए उपयोगी पुस्तकें प्राप्त कीं। पुस्तकों के चयन में महर्षि दयानन्द विद्यापीठ की शिक्षिका कोमल त्यागी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। बच्चों ने पुस्तकालय का भ्रमण भी किया। बड़ी संख्या ने अध्ययन रत युवा और युवतियों को देखकर और पिन ड्राप साइलेन्स वातावरण देखकर उन्हें आश्चर्य भी हुआ और प्रेरणा भी मिली।

जिन खोजा तिन पाइयाँ ,गहरे पानी पैठ
मैं बपुरा बूडन डरा ,रहा किनारे बैठ !

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी केवल सियासत की बात नही करते हैं वो देश की विरासत यानी युवा पीढ़ी की भी बात करते हैं। शिक्षा को लेकर एक अलख उन्होंने जगाईहै। किताबे और पुस्तकालय की महिमा उन्होंने अपनी पोस्ट से दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।